

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | सोमवार, 20 जनवरी 2025 | वर्ष: 02, अंक: 336, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## 'आप' ने भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर कथित हमले पर शनिवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल पर हमले में भारतीय जनता पार्टी का हाथ है और हमलावर पार्टी नेता प्रवेश वर्मा के करीबी हैं। मुख्यमंत्री आतिशी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि फर्जी वोट बनवाने और पैसे बांटने से काम नहीं चला तो भाजपा केजरीवाल पर हमला करा रही है। उन्होंने हमलावरों के बारे में कहा कि राहुल उर्फ शैंकी, रोहित त्यागी और सुमित के नाम सामने आए हैं। ये पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा के करीबी हैं। इनपर आर्म्स एक्ट, डकैती, मारपीट और जान से मारने की कोशिश से जुड़े मामले दर्ज हैं। इस संबंध में सांसद संजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अब अरविंद केजरीवाल को जान से मारने पर उतर आई है। भाजपा अपराधियों के जरिए केजरीवाल पर हमला करवा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी डकैतों और हत्यारों के जरिए चुनाव जीतना चाहती है। यह अपराधी प्रवेश वर्मा के साथ दिल्ली विधानसभा में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जानलेवा हमले में दिल्ली पुलिस प्रशासन भी शामिल है वरना अभी तक आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी होती।

उधर, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाले

# महाकुम्भ : गीता प्रेस के शिविर में लगी भीषण आग

## फटे सिलेण्डर, मची अफरातफरी, मौके पर जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। महाकुंभ मेले के सेक्टर १९ में आग लगने के बाद** शिविर के अंदर रखे सिलिंडर के बाद एक करके ब्लास्ट करने लगे। आसमान में धुएं का गुबार उड़ते देख पूरे महाकुंभ मेले में अफरा तफरी मच गई। हादसा जहां हुआ वह धर्म संघ का शिविर बताया जा रहा है। गीता प्रेस के कॉटेज भी आग की चपेट में आए। पचास से अधिक शिविर अभी तक चपेट में आए।शाम करीब ५.४५ बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी घटना स्थल पर पहुंच गये और पूरे मामले की जानकारी लेते हुए घटना की जांच के निर्देश दिये। बताया जा रहा है कि इस आग में एक झुलसे शख्स को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

गीता प्रेस के ट्रस्टी कृष्ण कुमार खेमका ने बताया, 'लगभग १८० कॉटेज बने हुए थे। हमने बहुत सावधानी से बनाया। सभी को मना किया गया कि किसी प्रकार का अग्नि का कोई काम ना करें। जहां हमने सीमा बनाई उसके पार सकुर्लेटिव एरिया घोषित की गई थी। पता नहीं प्रशासन ने वे जगह किसे दी... उस तरफ से अग्नि की कोई चीज हमारे तरफ आई और आग फैल गई। हमारा कुछ नहीं बचा सब खत्म हो गया। हमारी रसोई टीन शेड की थी, पक्की थी।आग सेक्टर बीस की तरफ तेजी से बढ़ी। गीता प्रेस गोरखपुर का शिविर भी चपेट में आ गया। आग पर काबू पा लिया गया है। एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की एक दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। आग लगने के बाद सिलिंडरों के फटने से अफरा तफरी मची गई। एक के बाद एक करीब दर्जन भर सिलिंडर फटे, जिससे राहत और बचाव कार्य में दमकलकर्मियों को दिक्कत हुई। पचास से अधिक शिविर आग की चपेट में आए। हैं। फायर ब्रिगेड की ५० से अधिक गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुई थीं।एडीजी जोन भानु भाष्कर ने बताया कि इस आग में जनहानि की सूचना नहीं है। प्रथम द्दष्टया आग लगने का कारण सिलेण्डर लीकेज बताया जा रहा है।





## 50 टेंट जले, ट्रेनों का संचालन भी रोका गया

महाकुंभ में लगी भीषण आग में अभी 50 से ज्यादा टेंट जलने की बात कही जा रही है। आग मुख्य रोड पर लोहे के ब्रिज के पास लगी है। हवा की गति सामान्य से तीन गुना तेज होने के चलते अन्य टेंट भी आग की चपेट में आ सकते थे। दमकल की एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियां आग बुझाने में लगी रहीं। वहीं जिस जगह आग लगी है उसके पास रेलवे पुल होने से ट्रेनों का संचालन भी रोक दिया गया है। डिप्टी कमांडेंट ने बताया कि फाइनल जांच चल रही है। अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं हो पाई है। गीता प्रेस के पास कुछ कैंप में आग लगी थी, उसको काबू कर लिया गया है। अंतिम जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।



## महाकुम्भ का एक ही संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा देश: सीएम योगी



**महाकुम्भ नगर**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज दौरे पर मौनी अमावस्या से पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के बाद पत्रकारों के साथ वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुम्भ आ रहे हैं। तमाम विदेशी श्रद्धालु भी संगम में स्नान कर अभिभूत नजर आ रहे थे। यूरोप से जुड़े कुछ पर्यटक मिलने आए थे और प्रयागराज की महिमा का जिस भाव से गान कर रहे थे, वह अभिभूत करने वाला था। वो हिंदी नहीं जानते, संस्कृत नहीं जानते, लेकिन हिंदी की चौपाई, संस्कृत के मंत्रों, अवधी की चौपाइयों को और सनातन धर्म से जुड़े स्त्रोत और मंत्रों को सस्वर गा रहे थे। मां गंगा और यहां के धामों के प्रति एक श्रद्धा का भाव उनमें देखने को मिल रहा था। यही तो प्रधानमंत्री जी का संदेश है। महाकुम्भ का एक ही संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा यह देश। एकता और अखंडता के संदेश के साथ हम सभी जुड़ रहे हैं।

**एक करोड़ लोग महाकुम्भ में मौजूद**
सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ का आयोजन जिसके लिए प्रयागराज जाना जाता है, पूरी भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है। महाकुम्भ के लिए प्रधानमंत्री जी ने जो विजन दिया है उसको स्थानीय स्तर पर लागू करने के लिए सभी लोग पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। आप सभी को धन्यवाद दूंगा कि प्रयागराज की छवि को एक सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने का कार्य किया है।






# राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा दिव्यांगों को कम्बल, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी व अन्य उपकरणों का किया वितरण

## रहम दिल एम आर पाशा ने बांटी सौगात

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर! बुढ़नपुर** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने हर साल की तरह सैकड़ों दिव्यागो,गरीबों,बुजुर्गो,विधवाओं एवं जरूरतमंदों को सौगात बांटी।

नूरपुर- स्योहारा मार्ग पर पार्कर पब्लिक स्कूल बुढनपुर में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा द्वारा दिव्यांगों,वृद्ध,विधवा, गरीब मजदूरों को 1000 कम्बल एवं दिव्यांगों को 3 व्हीलचेयर,10 मोटर ट्राई साइकिल,12 जोड़ी वैशाखी अन्य उपकरण का वितरण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ मनोज वर्मा,जीएम अवध शुगर मिल स्योहारा सुखवीर सिंह,ब्लाक प्रमुख स्योहारा उज्जवल चौहान,पूर्व चेयरमैन स्योहारा अख्तर जलील,पंजाब से संन्यासी संत नेत्र गिरी महाराज,सोमनाथ,हाजी अहसान, उमेश राणा, दीपक राणा द्वारा दिव्यांगों,वृद्ध,विधवाओं,मजदूर गरीब एवं दिव्यांगों को 1000 कम्बल, 3 व्हीलचेयर,10 मोटर ट्राई साईकिल,12 जोड़ी वैशाखी व अन्य उपकरण को इनके हाथों वितरण की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा व वाइस प्रेसिडेंट मौहम्मद वसीम व पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



डॉ मनोज वर्मा समाजसेवी ने कहा कि यह मेरा छोटा भाई जैसा है यह हर समय दिव्यांगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं इनके लिए हर वक्त तैयार हूं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्योहारा अख्तर जलील ने कहा कि पाशा मेरा छोटा भाई है। मै संगठन के लिए हर वक्त तैयार हू। ब्लाक प्रमुख उज्जवल चौहान ने कहा कि एमआर पाशा जी द्वारा जो कार्यक्रम किया गया है। यह कार्यक्रम बहुत सहरानीय हैं। मैं इनको धन्यवाद देता हूं। संन्यासी संत नेत्र गिरी महाराज ने कहा कि संगठन द्वारा जो कार्यक्रम किया गया है बहुत ही अच्छा सराहनीय है। जितनी तारीफ की जाए कम है। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि हमारे संगठन द्वारा 1000 कम्बल, 3 व्हीलचेयर,10 मोटर ट्राई साइकिल,12 जोड़ी वैशाखी अन्य उपकरण दिव्यांगों,वृद्ध,विधवा,गरीब मजदूर को वितरित की गई है। और हम करते रहेंगे। एमआर पाशा ने जितने भी आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन इकबाल रूमानी द्वारा किया गया। संचालन का कार्यक्रम बहुत शानदार द्वारा किया गया। इस मौके पर संगठन के सभी सम्मानित पदाधिकारी व कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस से पहले बिजनौर में सुरक्षा कड़ी



## एसपी सिटी और एसपी ग्रामीण ने चलाया सर्च अभियान, संदिग्ध वाहनों की जांच

**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर! गणतंत्र** दिवस की तैयारियों के मद्देनजर बिजनौर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया है। देर रात जिले भर में पुलिस अधिकारियों ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहन जांच की गई।एसपी सिटी संजीव वाजपेई ने बिजनौर शहर कोतवाली क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ चेकिंग अभियान का नेतृत्व किया। इस दौरान वाहनों की जांच के साथ-साथ यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। वहीं एसपी ग्रामीण राम अर्ज ने अफजलगढ़ और रेहड़ क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया, जिसमें कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया।सीओ नजीबाबाद देश दीपक ने अपनी टीम के साथ थाना किरतपुर मंडावली, नांगल और नजीबाबाद थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान संचालित किया। पुलिस अधिकारियों का यह विशेष अभियान गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील की और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया।

## कोतवाली और राधानगर पुलिस ने एक-एक वारंटी पकड़े

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी थरियांव के नेतृत्व में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना राधानगर पुलिस द्वारा0 वारंटी 01 राजू शाह उर्फ मो0 शाहरुख पुत्र असरफ उर्फ अशफाक निवासी खम्भापुर थाना राधानगर थाना को गिरफ्तार किए। इसी प्रकार थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त शनि पुत्र सुरेश निवासी बाकरगंज थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।





**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

उपनिरीक्षक विनोद सिंह थाना कोतवाली नगर. हे०का० विजय कृष्ण यादव।

## सुल्तानपुर घोष पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना सुल्तानपुर घोष पुलिस द्वारा अपहरण में वांछित अभियुक्त विष्णु पटेल पुत्र फूलचन्द्र पटेल नि० ग्राम बैरानी का पुरवा थाना खागा जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।



**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

थानाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, थाना सुल्तानपुर घोष. उ0नि0 आकाश मिश्रा।

## पुलिस इलेवन टीम विजेता घोषित, एसपी ने किया सम्मानित

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। को के0**डी0 सिंह बाबू स्टेडियम जनपद बाराबंकी में कर्मचारी/अधिकारी सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस इलेवन, कमेटी इलेवन व बार एसोसिएशन टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया। फाइनल क्रिकेट मैच में पुलिस इलेवन टीम विजयी रही तथा क्रिकेट मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हे0का0 ज्ञानेन्द्र सिंह को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। मैच के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह द्वारा उपस्थित होकर टीम का उत्साहवर्धन किया गया। रविवार को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा विजेता पुलिस इलेवन टीम को उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दी गई।



## भाजपा ने बाबा साहब का हमेशा से किया है सम्मान- जिलाध्यक्ष धर्मराज



**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। हमारा** संविधान हमारा स्वाभिमान को लेकर पार्टी कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक को जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य ने संबोधित करते हुए बताया कि जिन लोगों ने समाज को बांटने का काम किया आज वही लोग हम पर आरोप लगा रहे हैं भारतीय जनता पार्टी हमेशा से संविधान को मानने व रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और अब आज से ही गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या तक जिले के सभी जिला पदाधिकारीगण व मण्डल अध्यक्षगण अपने अपने क्षेत्र के सभी अनुसूचित बस्तियों व पिछड़ों की बस्तियों में जाकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में व संविधान गौरव अभियान की प्रमुख रूप से जानकारी देना है साथ ही कॉलेज, विश्वविद्याल में 20 जनवरी से 25 जनवरी तक अनुसूचित जाति वाले बाहुल्य जगहों पर संगोष्ठी एवं सभा का आयोजन किया जाना है साथ ही कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान से छेड़छाड़ को लेकर तमाम बातों को विस्तार से बताया इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक व जिला उपाध्यक्ष अरविंद द्विवेदी, मंझनपुर के निवर्तमान विधायक लाल बहादुर,कार्यक्रम सह संयोजक नीतू कनौजिया,अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष शिवमूरत पासी, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा शिवप्रताप मौर्य, जिला महामंत्री संजय जायसवाल, दीप चंद्र दिवाकर, नितिन पासी,वरिष्ठ भाजपा नेता भोलेशंकर कुशवाहा, चन्द्र दत्त शुक्ल, कविता पासी, बीरेंद्र सरोज फौजी,व सभी मण्डल अध्यक्षगण मण्डल महामंत्रीगण कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# पुलिस और 4 बदमाशों के बीच मुठभेड़

## धामपुर में 2 गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली, अन्य फरार

**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

बिजनौर! धामपुर पुलिस ने बीती रात एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए लूट की योजना बना रहे चार बदमाशों में से दो को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने पोषक नहर पटरी पर घेराबंदी की, जहां दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार बदमाश आ रहे थे।पुलिस द्वारा रोके जाने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने एक बदमाश बिजेंद्र कश्यप (सोनीपत, हरियाणा निवासी) और बिकेश कुमार (ग्राम अमीनाबाद, स्योहारा निवासी) को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में बिजेंद्र के पैर में गोली लगी, जिसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके दो साथी रोशन और अरुण अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने बदमाशों से दो अवैध तमंचे (315 बोर), छह से अधिक जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकल बरामद की। पूछताछ में पता चला कि ये बदमाश ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों और बाजारों की रेकी कर व्यापारियों को लूटने की योजना बनाते थे। उसी रात धामपुर में भी लूट की योजना थी। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार बदमाशों को जेल भेज दिया है।



# मिशन शक्ति टीम ने गांवों की महिलाओं को किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी** बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस क्रम में थाना करारी पुलिस टीम द्वारा ग्राम गुलामीनूरका पूरा मे भ्रमणशील रहकर,थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम समसपुर मे भ्रमणशील रहकर, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा कस्बा पश्चिम शरीरा मे भ्रमणशील रहकर, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा मंझनपुर प्रदर्शनी मेला भ्रमणशील रहकर, थाना महेवाघाट, थाना सराय अकिल व महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों//महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर *विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे-(1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि* के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा *सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि* के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।




## देवा पुलिस ने 5 जुआरियों को किया गिरफ्तार


**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।**

**पुलिस** अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर देवा पुलिस हार-जीत की बाजी लगा रहे पांच लोगों को गिरफ्तार कर नगदी बरामद किया। थाना देवा पुलिस टीम द्वारा रविवार को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 05 अभियुक्तगण मो0 असलम पुत्र मो0 गयास, साहबे आलम पुत्र मो0 जमील निवासीगण मो0 कचेहारन निवासी मो0 कचेहरान कस्बा व थाना देवा जनपद बाराबंकी, पवन पुत्र खलील, फूलचन्द्र पुत्र खलील निवासीगण मानपुर थाना कमलापुर जनपद सीतापुर, कल्लू पुत्र बृजलाल निवासी मलुही सरैया थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़/जामातलाशी के कुल 1240/- रुपए बरामद किया गया।

## तीन दम्पति को एक साथ रहने हेतु किया गया राजी





**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। पुलिस** अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में रविवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए *03 प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता* कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा 15 दिन बाद दम्पति की कुशल क्षेम पूछने हेतु पुनः बुलाया गया है।

## मोर्चा बनाकर एएसपी ने सघन चेंकिग अभियान चलाया





**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी । महा**कुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना कोखराज अंतर्गत सकाढ़ा तिराहा पर बैरियर लगाकर व मोर्चा बनाकर की जा रही सघन चेंकिग का निरीक्षण किया गया। साथ ही ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा थाना कोखराज पुलिस फोर्स के साथ थाना कोखराज अंतर्गत सकाढा तिराहा पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की जा रही है।

## विनफास्ट ने आधिकारिक तौर पर भारतीय बाजार में प्रवेश किया

**नोएडा। विनफा**स्ट ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 में भारतीय बाजारों के लिए अपने पहले इलेक्ट्रिक वाहनों की आधिकारिक तौर पर घोषणा की। नैस्डैक-सूचीबद्ध वियतनामी ऑटोमोबाइल कंपनी ने दो ऑल-इलेक्ट्रिक प्रीमियम एसयूवी- वीएफ 7 और वीएफ 6 को भी लॉन्च किया, जो उच्च गुणवत्ता वाले, स्मार्ट और आधुनिक उत्पादों के साथ बाजार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

दो ऑल-इलेक्ट्रिक प्रीमियम एसयूवी लॉन्च करने का विनफास्ट का यह निर्णय संभावनाओं भरे भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में एक महत्वपूर्ण कदम है। विनफास्ट ने बाजार के लिए अपने पहले मॉडलों के रूप में वीएफ 7 और वीएफ 6 को चुना। भारत पहला बाजार भी है।

## आबकारी अधिनियम से संबंधित 25,468 लीटर अवैध शराब का कराया गया विनष्टीकरण



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी । आ**बकारी अधिनियम में जब्त किए गए मालों के निस्तारण हेतु मा0 न्यायालय के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में माल निस्तारण अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स, बाराबंकी में क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी सदर हर्षित चौहान एवं आबकारी विभाग की मौजूदगी में जनपद के सभी थानों पर पंजीकृत अलग-अलग अभियोगों से सम्बन्धित कुल 25,468 लीटर अवैध शराब का विनष्टीकरण किया गया।

## एण्टीरोमियो टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस अधी**क्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।



## वाहन चालको को पम्पलेट देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर । पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में सड़क दुर्घटना को कम किए जाने के लिए चलाये जा रहे अभियान *राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (दिनांक 01.01.2025 से 31.01.2025 तक)* के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालको को पम्पलेट देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया । यातायात प्रभारी लाल जी सविता एवं यातायात पुलिस द्वारा हाईवे पर विभिन्न स्थानों पर स्पीड रडार गन मशीन से निर्धारित गति से अधिक तीव्रगति से चलने वाले व उल्टा दिशा में चलने वाले वाहन की सघनता से चेकिंग की गयी तथा ट्रैक्टर ट्राली आदि माल वाहक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाये गये । भरी वाहनों, ट्रैक्टर ट्राली पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप न लगे होने, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहनों शराब पी कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों , बिना पार्किंग के हाईवे पर खड़े वाहनों ,दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट, बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर बिना सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चलाने वाले वाहनों की चेकिंग करते हुए आवश्यक कार्यवाही नियमानुसार की गयी ।

# मुद मंगलमय संत समाजू। जो जग जंगम तीरथराजू

## महाकुम्भ में संत-समागम, पूज्य शंकराचार्य, संत-महात्माओं से उनके शिविर में मुख्यमंत्री ने की भेंट, जगद्गुरु शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज, जगद्गुरु शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज, वासुदेवानंद सरस्वती जी के शिविर के साथ-साथ कर्षिणी आश्रम और आचार्यबाड़ा भी पहुँचे मुख्यमंत्री योगी







हनुमान प्रसाद शुक्ल
सबसे तेज प्रयागराज

**महाकुम्भ नगर। प्रयागराज में पावन त्रिवेणी तट पर उमड़े** आस्था के जनसमुद्र के बीच संत समागम का भी शुभ संयोग देखने को मिल रहा है। आम जन को विभिन्न परंपराओं के संत-महात्माओं के दर्शन हो रहे हैं तो यह संत समाज के लिए भी एक दूसरे से भेंट-मुलाकात का सुअवसर है। रविवार को ऐसे ही सुखद दृश्य देखने को मिले, जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने पूज्य शंकराचार्य व अन्य संत-गणों के शिविर में जाकर सबका कुशल क्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूज्य शंकराचार्यों और संतगणों कि कृपा से महाकुम्भ सुचारू पूर्वक चल रहा है। उन्होंने शंकराचार्यों के आगमन को आयोजन के लिए मंगलमय बताया। उन्होंने कहा कि संतों के आगमन से महाकुम्भ की समस्त दिव्यता और भव्यता संभव है। भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने पूज्य संतों और उनके अनुयायियों के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और किसी भी तरह की समस्या का तत्काल निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री सबसे पहले मेला क्षेत्र के सेक्टर-9 स्थित कर्षिणी आश्रम के गुरुशरणानंद जी और आचार्यबाड़ा के अध्यक्ष व मंत्री से शिष्टाचार भेंट की। इसके बाद वह प्रयाग सुमेरु पीठ के परम पूज्य संत जगद्गुरु शंकराचार्य वासुदेवानंद जी से मिलने उनके शिविर पहुंचे। वासुदेवानंद सरस्वती जी को प्रणाम कर महाकुम्भ और सनातन धर्म के लिए किये गये उनके योगदान के लिए साधुवाद दिया। महाकुम्भ में उनके अनुयायियों और शिविर के लिये मेला प्राधिकरण द्वारा की गई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने पुरीपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती से शिष्टाचार भेंट की। उनकी कुशक्षेम पूछ कर महाकुम्भ में उनके आगमन को सनातन की जय बताया। इसके बाद उन्होंने शारदा द्वारिकापीठ शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी के दर्शन किये।

**प्रदेश के हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का अभूतपूर्व प्रयास है ओडीओपी प्रदर्शनी: सीएम योगी**

सबसे तेज प्रयागराज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज दौरे पर मेला क्षेत्र में स्थापित ओडीओपी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। यहां पूरे प्रदेश से आए हस्तशिल्पियों के स्टॉल पर जाकर उन्होंने उनकी हौसलाअफजाई भी की। प्रदेश के इन हुनरमंद कारीगरों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्होंने महाकुम्भ में ओडीओपी प्रदर्शनी को हस्तशिल्पियों के लिए अपने उत्पादों को शोकेस करने का अनुपम अवसर बताया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में देश और दुनिया से 45 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आ रहे हैं। ओडीओपी प्रदर्शनी उनके सामने प्रदेश की प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर भी है और इसके माध्यम से अपने उत्पादों की ब्रांडिंग, इनकम के साथ ही रोजगार पाने का भी यह सुनहरा अवसर है।

**पूरी दुनिया में छाप छोड़ रहा प्रदेश का ओडीओपी**

सीएम योगी ने कहा कि यह प्रदर्शनी प्रदेश के हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का अभूतपूर्व प्रयास है। उत्तर प्रदेश के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ने पूरी दुनिया में अपनी छाप छोड़ी है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से 45 दिन तक चलने वाले इस महाआयोजन में जिला स्तर के छोटे उद्यमी और कारीगर वैश्विक कारोबार की संभावनाएं तलाशेंगे। इससे उनके व्यापार को भी नए पंख लगेंगे और रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे।





## संविधान की मूल भावना को बदलने वाले देखें कैसे होता है संविधान का सम्मान: सीएम योगी

सबसे तेज प्रयागराज

**महाकुम्भ नगर। प्रयागराज** दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस गैलरी का अवलोकन करने के बाद संविधान गैलरी का रुख किया। संविधान गैलरी को सीएम योगी के विशेष निर्देश पर सेक्टर 4 त्रिवेणी मार्ग पर स्थापित किया गया है। यहां पर सीएम योगी ने भारतीय संविधान पर आधारित पुस्तकों, ग्रंथों के पुस्तकालय समेत अन्य प्रमुख प्रदर्शनी को देखा। उन्होंने कहा कि जो लोग आज संविधान बचाने की बात कर रहे हैं उन्होंने ही संविधान की मूल भावना को बदल दिया था। उन्हें यहां महाकुम्भ में आकर देखना चाहिए कि संविधान का वास्तविक सम्मान क्या होता है और कैसे होता है। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे लिए आदर्श है। पूरे देश का संचालन इसी से होता है। कोई भी समाज संविधान और इसकी विधियों के बिना नहीं चलता है। संविधान गैलरी जैसे प्रयासों से नई पीढ़ी को इसके बारे में अवगत कराने में मदद मिलेगी।

**सामाजिक न्याय का प्रतीक है संविधान**

सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ के इस विश्वविख्यात सबसे बड़े मानव समागम में इस गैलरी को आयोजित कर यह प्रयास किया गया है कि मेले में आने वाले लोगों को संविधान के निर्माण, लागू होने और इसके अनुच्छेद के बारे में जानकारी हो। ऑडियो के माध्यम से आप विषय के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल कर सकते हैं। संविधान ऐसा दस्तावेज है, जिससे हमारी पूरी शासन व्यवस्था संचालित होती है। एक पार्टी ने लगातार 55 वर्षों तक निजी हितों के लिए संविधान में संशोधन किए। इन लोगों ने संविधान की मूल भावना को बदल दिया। हमने संविधान को आदर्श मानकर इसका सम्मान किया। इसके माध्यम से हर वर्ग को सामाजिक न्याय दिलाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान हाथ में लेकर शपथ लेने का नाटक करते हैं, उनके घर में न तो संविधान की मूल प्रति होगी और न ही उन्होंने कभी संविधान पढ़ा भी होगा।

**ऐतिहासिक घटनाओं, दस्तावेजों और व्यक्तित्वों के योगदान की मिलेगी जानकारी**

संविधान गैलरी में लगी प्रदर्शनी में चित्रों और प्रतिकृतियों के माध्यम से भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं, दस्तावेजों और व्यक्तित्वों के योगदान के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गई है। यहां ऑडियो के माध्यम से संविधान सभा के डिस्कशन को भी प्रस्तुत किया जा रहा है। यहां बनाई गई डिजिटल गैलरी संविधान की यात्रा को जीवंत कर रही है। स्क्रीन टच करने पर संविधान की किताब के पन्ने खुलते हैं तो इंटरैक्टिव वॉल संविधान के बनने से लेकर उसके लागू होने तक के समय काल से जुड़े हर ऐतिहासिक लम्हों से लोगों को रूबरू करा रही है। डिजिटल स्क्रीन पर टाइमलाइन ऑप्शन के जरिये संविधान की यात्रा के महत्वपूर्ण कालखंडों को चंद सेकेंडों में वर्षवार देख सकते हैं। गैलरी में अलग-अलग कॉर्नर बनाए गए हैं, जिसमें संविधान, उसके निमार्ताओं व ऐतिहासिक प्रसंगों की प्रस्तुति दी गई है। इसके साथ ही यहां वीआर हेडसेट के जरिए उन गौरवशाली पलों को महसूस करने की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा गैलरी के एंट्री प्वाइंट पर टच स्क्रीन सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है, जहां आप एक टच पर राष्ट्रीय चिह्न अशोक स्तंभ के साथ सेल्फी ले सकते हैं। राष्ट्रगान 'जन गण मन' को लेकर किस तरह एक बार भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई और फिर गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर ने कैसे इसे लेकर स्थिति स्पष्ट की, ऐसे कई रोचक प्रसंगों का भी विवरण यहां दिया गया है।

## प्रदेश सरकार की अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को प्रदर्शित कर रही पुलिस गैलरी: मुख्यमंत्री

राम सिंह यादव
सबसे तेज प्रयागराज

**महाकुम्भनगर। मुख्यमंत्री** ने प्रयागराज दौरे पर पुलिस गैलरी का भी निरीक्षण किया और प्रदेश पुलिस की कार्यप्रणाली और सक्रियता की प्रशंसा की। सीएम योगी ने कहा कि यूपी पुलिस ने विगत साढ़े 7 वर्ष में जो मानक गढ़े हैं, पुलिस गैलरी उसी का प्रतिबिंब है। एक समय जिस उत्तर प्रदेश में माफिया और गुंडों का राज हुआ करता था, वहां आज कानून व्यवस्था का राज स्थापित करने में पुलिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदेश सरकार ने जीरो टॉलरेंस की जिस नीति को चुना, उसे सफलता तक पहुंचाने में यूपी पुलिस ने अपना सर्वस्व झोंक दिया।

**माफिया, गुंडों का किया गया सफाया**

सीएम योगी ने कहा कि विगत साढ़े सात वर्ष में यूपी पुलिस ने प्रदेश से माफिया, गुंडों, अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का सफाया कर दिया। यूपी पुलिस ने अपनी कार्यप्रणाली से दूसरे राज्यों की पुलिस के लिए एक नजीर प्रस्तुत की है। सुरक्षा के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीकी उपायों को अपनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि महाकुम्भ में लाखों श्रद्धालुओं के बीच सुरक्षा सुनिश्चित करना बड़ा कार्य था, जिसे यूपी पुलिस पूरी तत्परता से निभा रही है। इस अवसर पर सीएम योगी ने नए आपराधिक कानूनों के सफल कार्यान्वयन पर भी जोर दिया।

**13 हिस्सों में प्रदर्शित की जा रही गैलरी**

पुलिस गैलरी को सुविधा के हिसाब से 13 हिस्सों में बांटा गया है। प्रत्येक गैलरी में यूपी पुलिस की सक्रियता और उनकी कार्यकुशलता को दशार्या गया। विशेष रूप से महाकुम्भ की सुरक्षा व्यवस्था के तहत गैलरी में दर्शाए गए विभिन्न हिस्सों में यह दिखाया गया कि कैसे पुलिस आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन, सीसीटीवी और अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कर रही है। पहले हिस्से में यूपी 112 को दिखाया गया है, जो यूपी पुलिस की टेलीकॉलर सेवा है। इस पर कॉल करते ही यूपी पुलिस तुरंत सक्रिय होकर जरूरतमंद तक मदद पहुंचाती है। वहीं, दूसरे हिस्से में क्राइम पर फोकस किया गया है तो तीसरे हिस्से में आधुनिक पुलिस स्टेशन को दशार्या गया है। चौथे हिस्से में पुलिस गैलरी में अस्पताल की सुविधाएं, पांचवें हिस्से में फॉरेंसिक प्रयोगशाला को दिखाया गया है। अन्य हिस्सों में अभियोजन, न्यायालय, कारागार, विशेष प्रशिक्षण, पीएसी, एसडीआरएफ, एसटीएफ, जीआरपी, एटीएस और 1090 को प्रदर्शित किया गया है।

## महाकुम्भ के साथ ही भारत की प्राचीन संस्कृति को प्रदर्शित कर रहा एनसीजेडसीसी पवेलियन: सीएम योगी

सबसे तेज प्रयागराज

**महाकुम्भनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज में समीक्षा बैठक संपन्न होने के बाद सेक्टर 7 स्थित उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पवेलियन भी पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न राज्यों के कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखा। वो अनुभूति केंद्र भी देखने गए, जहां कुम्भ यात्रा को ऑडियो-वीडियो माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र हर श्रद्धालु के लिए अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने वाला है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ हजारों-हजार वर्ष का इतिहास समेटे हुए है। भारत की दिव्यता, भव्यता, एकता और विविधता से भरे हुए महाकुम्भ में 45 करोड़ लोग साक्षी बनने वाले हैं। 8 करोड़ से ज्यादा लोग अब तक त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगा चुके हैं। किसी भी श्रद्धालु को जो महाकुम्भ और कुम्भ के विषय में जानना चाहता हो, उसे समझना चाहता हो, उसे यहां जरूर आकर देखना चाहिए। यहां उनका न सिर्फ कुम्भ और महाकुम्भ से, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान से साक्षात्कार होगा। यह केंद्र दुनिया को प्राचीन भारत की समृद्ध विरासत के दर्शन कराएगा। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पवेलियन में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने वाली अनेक विशेषताएं हैं। यहां गंगावतरण और समुद्र मंथन की कथाओं का मंचन किया गया है। वहीं, 635 फीट चौड़ा और 54 फीट ऊंचा प्रवेश द्वार पांडाल की शोभा बढ़ा रहा है।

## त्रिवेणी तट से पूरे विश्व में गूंज रहा अखंड भारत का संदेश: योगी आदित्यनाथ

सबसे तेज प्रयागराज

**महाकुम्भनगर। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाकुम्भ का सफल आयोजन संतों की कृपा है। उन्होंने कहा है कि महाकुम्भ सामाजिक समता और समरसता का महापर्व है। जाति-वर्ग अथवा किसी भी अन्य प्रकार के भेदभाव से परे होकर पूरा देश त्रिवेणी तट पर एकजुट होकर पुण्य स्नान का लाभ प्राप्त कर रहा है। एकता के इस महाकुम्भ से त्रिवेणी तट से पूरी दुनिया में अखंड भारत का संदेश गूंज रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने यह बातें रविवार को प्रयागराज में परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष चिदानंद मुनि के शिविर में चल रही पूज्य मोरारी बापू के कथा के दौरान कहीं। प्रयागराज में मुख्यमंत्री का दौरा चिदानंद मुनि के आश्रम से ही प्रारंभ हुआ। यहां पहुंचने पर व्यासपीठ पर उपस्थित मोरारी बापू ने 'साधु !साधु! कहकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी स्वयं एक सिद्धपीठ के संत हैं। उनके नेतृत्व में महाकुम्भ का सफल आयोजन हो रहा है और आज पूरी दुनिया में सनातन संस्कृति गौरवान्वित हो रही है। वहीं परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष और आध्यात्मिक गुरु स्वामी चिदानंद सरस्वती ने मुख्यमंत्री योगी को बुद्धि, शुद्धि और सिद्धि का अद्भुत संगम कहा। उन्होंने कहा है कि योगी जी में एक शासक, साधक और उपासक का विलक्षण समन्वय है। गोरक्षपीठाधीश्वर की जिम्मेदारी हो या मुख्यमंत्री पद का दायित्व निर्वहन, योगी जी ने अपने विचारों और कार्यों से देश, समाज और राष्ट्र को एक नई दिशा दी है। कथा के बीच मुख्यमंत्री को पाकर श्रद्धालु भी आनंदित थे और जय-जय सिया राम के जयघोष के साथ मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया। विशेष अवसर पर उपस्थित मुख्यमंत्री ने प्रयागराज की पवित्र धरती को नमन करते हुए कहा द्वादश माधव, अक्षयवट, अलोपीदेवी, सरस्वती कूप को भी नमन किया।

**श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने उत्पाद**

प्रयागराज में संगम पर आयोजित इस महायोगिक उत्सव में 6000 वर्ग मीटर क्षेत्र में ह्यएक जिला, एक उत्पादह्ल (ओडीओपी) की शानदार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यहां कालीन, जरी-जरदोजी, फिरोजाबाद के कांच के खिलौने, बनारस के लकड़ी के खिलौने और अन्य हस्तशिल्प उत्पाद श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। 2019 में भी ओडीओपी प्रदर्शनी का आयोजन हुआ था और तब 4.30 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था, जबकि इस बार 35 करोड़ रुपए तक के कारोबार की संभावना है। इससे रोजगार और छोटे उद्यमियों को नई दिशा मिलेगी। व्यवसाय और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

**फिरोजाबाद, कुशीनगर, काशी के शिल्प और जीआई उत्पादों का प्रदर्शन**

काशी के शिल्पकारों ने लकड़ी के खिलौने, बनारसी ब्रोकेड, मेटल रिपोज, मेटल कास्टिंग जैसे 75 उत्पाद प्रदर्शनी में पेश किए हैं। उत्तर प्रदेश के 75 जीआई उत्पादों को ओडीओपी योजना के तहत प्रदर्शित किया जा रहा है। इनमें बनारसी साड़ी, प्रतापगढ़ का आंवला, मिजार्पुर के पीतल बर्तन और गोरखपुर का टेराकोटा शामिल हैं। कुशीनगर के कालीन और फिरोजाबाद के कांच के खिलौने और बर्तन भी प्रदर्शनी का आकर्षण बने हुए हैं। 75 जीआई उत्पादों में से 34 काशी क्षेत्र से हैं।

**महाकुम्भ में रोजगार और नवाचार को मिला बढ़ावा**

उत्तर प्रदेश एमएसएमई विभाग और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में ओडीओपी योजना का यह आयोजन राज्य के हस्तशिल्प और कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने का एक अभूतपूर्व प्रयास है। महाकुंभ 2025 न केवल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत कर रहा है, बल्कि उद्यमियों के लिए व्यापार का एक विशाल मंच भी बन गया है। जहां देश-विदेश के लोग आकर हस्तशिल्पियों के उत्पादों को पसंद कर रहे हैं और खरीद भी रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक विरासत की अनुभूति करा रही पर्यटन गैलरी: सीएम

सबसे तेज प्रयागराज

**महाकुम्भनगर। प्रया**गराज महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के अमृत स्नान की तैयारियों की समीक्षा करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले मेला क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा स्थापित पर्यटन गैलरी का अवलोकन किया। गैलरी में उत्तर प्रदेश के प्रमुख स्थलों को भव्यता के साथ प्रदर्शित किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तीव्र गति से विकास करने वाला राज्य है। घरेलू पर्यटन के मामले में यूपी पहले स्थान पर है।

विदेशी पर्यटकों के आगमन में भी यह उपलब्धि हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा स्थापित यह गैलरी उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक विरासत की अनुभूति करा रही है। महाकुम्भ में देश और दुनिया से आने वाले पर्यटकों को राज्य में व्याप्त पर्यटन की असीम संभावनाओं से यह परिचित कराएगी। यहां ईको टूरिज्म को भी विशेष रूप से दशार्या गया है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म में भी तेजी से प्रगति कर रहा है। इसके माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद मिल रही है।

**पर्यटकों को यूपी भ्रमण के लिए किया जा रहा प्रेरित**

उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा महाकुम्भ-2025 प्रयागराज के अवसर पर डिजिटल प्रदर्शनी पंडाल की स्थापना की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य महाकुम्भ में देश-दुनिया से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को राज्य2 में व्याप्त पर्यटन की असीम संभावनाओं से परिचित कराना है। यह महाकुम्भ-2025 की अवधारणा (दिव्य, भव्य एवं डिजिटल) पर आधारित है। प्रदर्शनी पंडाल में एनामार्फिक डिजिटल वॉल के माध्यम से उत्तर प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों को प्रदर्शित किया गया है। पंडाल में आने वाले पर्यटकों/श्रद्धालुओं को महाकुम्भ के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों को प्रदर्षित कर वहां भ्रमण के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया है।

पंडाल में ईको टूरिज्म सें सम्बन्धित गंतव्य स्थल पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। इस पंडाल की समृद्ध संस्कृति का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश इसके अलावा उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध हस्तशिल्प उत्पाद को भी दशार्या जा रहा है।

**360 डिग्री व्यू देखने की सुविधा**

इस गैलरी में उत्तर प्रदेश पर्यटन से संबंधित ऑनलाइन क्विज का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र डिजिटली प्रदान किया जाएगा। इस प्रदर्शनी पंडाल में विभाग द्वारा पर्यटन गन्तव्यों पर निर्मित कराई गई एआरवीआर फिल्मों को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। पर्यटकों को प्रदर्शनी पंडाल से ही पर्यटन गन्तव्यों का 360 डिग्री व्यू देखने को मिलेगा। पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रयागराज के रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन के साथ-साथ महाकुंभ क्षेत्र में परेडग्राउंड, नागवासुकी मंदिर, अरैल आदि स्थान पर्यटन सूचना केंद्र भी बनाए गए हैं।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए लोगों को होना पड़ेगा जागरूक- पंकज प्रधान

### लखनऊ में गूंजा जनसंख्या नियंत्रण कानून का संकल्प




सबसे तेज प्रयागराज

**लखनऊ। विश्व** हिंदू रक्षा परिषद के बैनर तले लखनऊ में रविवार को जनसंख्या नियंत्रण कानून के समर्थन में विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने किया। इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर के कार्यकताओं ने भाग लेकर राष्ट्रहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया।

भारत में तेजी से बढ़ती जनसंख्या न केवल संसाधनों पर दबाव डाल रही है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक असंतुलन भी पैदा कर रही है। इस समस्या को हल करने और जनसंख्या नियंत्रण कानून की आवश्यकता को बल देने के उद्देश्य से विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने इस पदयात्रा का आयोजन किया। प्रयागराज थाना नवाबगंज से राष्ट्रीय महासचिव पंकज प्रधान व राष्ट्रीय मंत्री शशिकांत मिश्र के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता इस आयोजन में शामिल हुए। पंकज प्रधान ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में जागरूकता फैलाना और सरकार पर इस दिशा में कदम उठाने का दबाव बनाना था। हमें जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने के लिए एकजुट होना चाहिए। हम जब तक एकजुट नहीं होंगे तब तक कुछ नहीं होगा। उन्होंने न केवल अपनी उपस्थिति से आयोजन को मजबूती दी, बल्कि इस आंदोलन को अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। यह पदयात्रा विशाल खंड-2 से लेकर 1090 तक निकाली गई। हजारों कार्यकताओं ने एकजुट होकर हिंदुत्व और राष्ट्रहित के नारे लगाते हुए लखनऊ की सड़कों को देशभक्ति और ऊर्जा से भर दिया।

पदयात्रा में पंकज प्रधान व शशिकांत मिश्र के साथ कई प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें आदित्य श्रीवास्तव, विवेक सिंह, सुधांशु, लोकेश पांडेय प्रधान, आशू, शालू पांडेय, दीपू विश्वकर्मा, आशुतोष, रोहित दुबे, ऋतिक, अंशुमान, प्रशू, संकल्प मिश्र, मनीष सिंह, प्रिंस सिंह, राजेश सिंह, रितेश सिंह, सुधीर दुबे उपस्थित थे।

## सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की डिजिटल प्रदर्शनी में विकास और विरासत भी

### जन भागीदारी से जन कल्याण डिजिटल प्रदर्शनी को बड़ी संख्या में श्रद्धांलुओं ने देखा

### डिजिटल प्रदर्शनी में सभी आयु वर्ग के दर्शनार्थियों का आगमन



सबसे तेज प्रयागराज

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ प्रयागराज में त्रिवेणी मार्ग पर प्रदर्शनी परिसर में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एकता के महाकुम्भ में जन भागीदारी से जन कल्याण और भारत सरकार की विगत 10 वर्षो में उपलब्धियों, कार्यक्रमों, नीतियों एवं योजनाओं पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी को आज रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धांलुओं ने देखा और इसे ज्ञानवर्धक बताया। 13 जनवरी से शुरू एनामॉर्फिक वाल, एलईडी टीवी स्क्रीन, एलइडी वाल, होलोग्राफिक सिलेंडर के माध्यम से विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली डिजिटल प्रदर्शनी में सभी आयु वर्ग के दर्शनार्थियों का आगमन हो रहा है। यह प्रदर्शनी विकास के साथ-साथ विरासत को भी प्रदर्शित कर रही है। प्रदर्शनी में उज्जैन महाकाल कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर कॉरिडोर, करतारपुर साहिब कॉरिडोर, आयोध्या धाम और प्रस्तावित बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर, श्री गुरु गोविन्द सिंह जी का 350 वां प्रकाश पर्व, श्री गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व के चित्र प्रदर्शित हैं, जो दर्शकों को खूब भा रहे हैं। दर्शक प्रदर्शनी परिसर में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप की डिजिटल प्रदर्शनी के साथ कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं प्रकाशन विभाग के स्टाल का भी अवलोकन कर रहे हैं। दर्शकों को राष्ट्रीय एकता, एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, वेव्स, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्याँजली, आत्म निर्भर भारत, स्किल इंडिया, प्रधान मंत्री उज्जवला योजना, हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आजाद भारत के तीन नये कानून, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ-साथ नारी सशक्तिकरण एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दर्शकों और जन सामान्य को डिजिटल प्रदर्शनी के माध्यम से मिल रही है।

## पशु क्रुरता से संबंधित एक गिरफ्तार कब्जे से एक ट्रक में उन्नीस भैंस बरामद



सबसे तेज प्रयागराज

**नवाबगंज/प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत के कुशल पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव जंग बहादुर यादव के नेतृत्व में थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा रविवार को पशु क्रुरता करने वाले अभियुक्त विनीत पांडे पुत्र सुनील कुमार पांडे निवासी शिशुपुर थाना नरवल कमिश्नरेट कानपुर नगर को थाना नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत श्रृंगवेरपुर के पास से एक ट्रक में लदे उन्नीस भैंस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के खिलाफ पशु क्रुरता निवारण अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर बताया कि अपने साथियों के साथ मिलकर भैंसों को वाहन पर लादकर पशु क्रुरता (वध) हेतु एक जनपद से दूसरे जनपद परिवहन किया जाता है, जिसके बाद में प्राप्त रुपयों को आपस में बांट लिया जाता है। **गिरफ्तार एवं बरामदगी की करने वाली पुलिस टीम**

**उ0नि0 जयप्रकाश** सिंह, उ0नि मासूक अली, उ0नि0 वीरेंद्र कुमार तिवारी थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

# सब्जियां खाने में नाक-मुंह बनाते हैं आपके भी बच्चे, तो इन तरीकों से करें इन्हें डाइट में शामिल



**सब्जियां स्वस्थ शरीर की जरूरत होती हैं। लेकिन जरूरी नहीं है कि सभी सब्जियों को शौक से खाए। कुछ लोग इसे खाने में आनाकानी करते हैं जिससे उनके शरीर को जरूरी पोषण नहीं मिल पाता है। ऐसे में कुछ ऐसे ट्रिक्स अपनाना जरूरी है जिससे शरीर को सब्जियों का पोषण मिल सके। जानते हैं ऐसी ही कुछ ट्रिक्स जो सब्जियों को हमारी डाइट में आसानी से शामिल कर सकती हैं।**

सर्दियों में कई सारी सब्जियां बाजार में मिलती है, जो न सिर्फ हमारे खाने का जायका बदल देती हैं, बल्कि सेहत को भी काफी फायदा पहुंचाती हैं। हालांकि, कम लोग ही इन सब्जियों को खाना पसंद करते हैं। खासकर बच्चे अक्सर सब्जियों को देखकर मुंह बनाने लगते हैं।

हालांकि, सब्जियां खाना शरीर के लिए बेहद जरूरी है। ये शरीर को जरूरी पोषण देता है, लेकिन सब्जियां खाना सभी को पसंद नहीं होता है। कई लोगों को अलग-अलग सब्जी का स्वाद पसंद नहीं आता है, किसी को टेक्सचर और किसी को किसी सब्जी की महक तक नहीं भाती है। ऐसे में सब्जियों को डाइट में शामिल करना मुश्किल हो जाता है। अगर आपके बच्चे भी सब्जियां खाने में नाक-मुंह बनाते हैं, तो आप कुछ तरीकों से उनकी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

सलाद बनाएं

सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करने का सबसे आसान और हेल्दी तरीका सलाद है। खीरा, टमाटर, प्याज, गाजर, पत्तागोभी जैसी सब्जियां स्प्राउट्स के साथ नमक और चाट मसाला डाल कर सलाद बनाने से बेहद स्वादिष्ट लगता है।

स्मूदी या सूप बनाएं

अगर किसी को सब्जियों का टेक्सचर नहीं पसंद है, तो इन्हें अन्य सब्जियों के साथ मिला कर ब्लेंड करें और टेस्टी स्मूदी तैयार करें। इसके अलावा आप इसे सूप में बारीक काट कर डालें। ये एक पौष्टिक और हेवी ब्रेकफास्ट का बेहतरीन विकल्प है।

प्यूरी बनाएं

कुछ सब्जियां जैसे पालक, चुकंदर, कद्दू आदि की प्यूरी बना कर इन्हें सामान्य किसी भी करी में बेस की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।

सैंडविच या रैप बनाएं

सब्जी रोटी खाने में बेस्वाद लग सकती है, लेकिन अगर इन्हीं सब्जियों को सैंडविच में टिक्की बना कर या फिर रैप में सॉस, चटनी और क्रीम के साथ लगा कर खाया जाए, तो ये सभी को पसंद आती हैं।

रोस्ट करें

कुछ सब्जियों को रोस्ट कर के उनके ऊपर नींबू, चाट मसाला छिड़क कर खाने से ये क्रिस्पी और टेस्टी लगती हैं। शकरकंद, गाजर, पनीर, शिमला मिर्च जैसी सब्जियां रोस्ट कर के खाने से इनका स्वाद बढ़ जाता है।

राइस और पास्ता में मिलाएं

सब्जियां भले ही पसंद न हों, लेकिन जब ये फ्राइड राइस, मंचूरियन या पास्ता में चॉप हो कर सर्व की जाती हैं, तो पूरी प्लेट साफ हो जाती है। इस तरह क्रिएटिव ट्रिक्स से सब्जियों को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

# खाद्य कीमतों में वृद्धि से हाशिए पर पड़े लोगों के लिए पोषण का संकट



पिछले दशक में दवा पर खर्च आसमान छू गया है और ईएमआई पर आधारित खपत कई गुना बढ़ गयी है। खपत के बढ़ते वित्तीयकरण ने सभी वर्गों के व्यय पैटर्न को प्रभावित किया है। ईंधन की कीमतों में वृद्धि भी विभिन्न वर्गों के उपभोग व्यय को प्रभावित करती है। पिछले दशकों में खाना पकाने के ईंधन पर खर्च में काफी वृद्धि हुई है।राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने हाल ही में घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2023-24 की तथ्य-पत्रिका जारी की है। यह वार्षिक श्रृंखला की दूसरी सर्वेक्षण रिपोर्ट है जो 2011-12 में सरकार द्वारा जारी किये गये 68वें दौर के उपभोग व्यय सर्वेक्षण के बाद लंबे अंतराल के बाद 2022-23 में शुरू हुई है। सरकार इस बार यह रिपोर्ट जारी करने में सहज प्रतीत होती है क्योंकि ग्रामीण भारत में मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) 2022-23 में 3,773 रुपये से बढ़कर 2023-24 में 4,122 रुपये और शहरी भारत में 6,459 रुपये से बढ़कर क्रमशः 6,996 रुपये हो गया है। इसका अर्थ है कि ग्रामीण और शहरी भारत में उपभोग व्यय में क्रमशः 9.25 और 8.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 6 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर और 9 प्रतिशत से अधिक खाद्य मुद्रास्फीति दर है। इस महंगाई के समायोजन के बाद घरेलू उपभोग व्यय में नाममात्र की वृद्धि वास्तव में जीवन दशा सुधारने में कोई खास अर्थ नहीं रखती। हालांकि सरकार यह भी दावा करती है कि कुल उपभोग व्यय के गिनी गुणांक द्वारा मापी गयी असमानता ग्रामीण भारत के लिए 2022-23 में 0.226 से गिरकर 2023-24 में 0.237 हो गयी है। यह स्पष्ट रूप से इस तथ्य का खंडन करता है कि भारत के मामले में आय में असमानता तेजी से बढ़ रही है, जबकि उपभोग व्यय के मामले में असमानता मामूली रूप से कम हुई है।एनएसओ उपभोग व्यय वितरण को 12 भिन्न वर्गों में विभाजित करता है। सबसे निचला वर्ग उपभोग वितरण के सबसे गरीब 5 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है और सबसे ऊपरी वर्ग भारतीय उपभोक्ताओं के सबसे अमीर 5 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। वितरण को दो शीर्ष और निचले वर्गों के लिए 5 प्रतिशत की सीमा के साथ विभाजित किया गया है और बाकी को बीच के आठ भिन्न वर्गों के लिए 10 प्रतिशत की सीमा के साथ विभाजित किया गया है।2023-24 में शीर्ष 5 प्रतिशत में औसत उपभोक्ता एक गरीब व्यक्ति द्वारा औसतन उपभोग किए जाने वाले उपभोग से छह गुना अधिक उपभोग करता है। यह स्पष्ट रूप से आय और धन में असमानता की तुलना में मामूली लगता है क्योंकि जैसे-जैसे आय बढ़ती है, किसी व्यक्ति की कुल आय में उपभोग व्यय का हिस्सा घटता जाता है। जैसे-जैसे लोग अमीर होते जाते हैं, आय या संपत्ति में वृद्धि की तुलना में उपभोग व्यय धीमी गति से बढ़ता है। दूसरी ओर, बढ़ी हुई आय का बड़ा हिस्सा गरीब लोगों द्वारा उपभोग में खर्च किया जाता है और उपभोग के मामले में असमानता आय या संपत्ति में असमानता की तुलना में बहुत कम होने की उम्मीद है।पिछले दशकों में उपभोग व्यय में एक महत्वपूर्ण प्रवृत्ति यह देखी गयी है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में औसत एमपीसीई में खाद्य की हिस्सेदारी में गिरावट आई है। औसतन उपभोग व्यय में खाद्य की हिस्सेदारी ग्रामीण भारत में 2011-12 में 52.9 से घटकर 2023-24 में 47.04 प्रतिशत और शहरी भारत में 42.62 से घटकर 39.68 प्रतिशत हो गयी है।एक तर्क यह हो सकता है कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ने के साथ कुल उपभोग व्यय में खाद्य की हिस्सेदारी घटती है और खाद्य समूह के भीतर अनाज की हिस्सेदारी घटती है। जैसे-जैसे आय बढ़ती है, लोग अपनी आय का बढ़ता हिस्सा गैर-खाद्य पर खर्च करते हैं और खाद्य के भीतर तेल, सब्जियां, अंडा, मछली, मांस और फलों पर अधिक खर्च करते हैं जबकि कुल खाद्य व्यय के अनुपात में अनाज की खपत घटती है। यह आहार परिवर्तन श्रम प्रक्रिया में परिवर्तन के कारण भी होता है, क्योंकि शहरी और ग्रामीण दोनों उत्पादन गतिविधियों में, मशीनीकरण बढ़ने के साथ पहले की तुलना में कम शारीरिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है।भोजन व्यय के हिस्से के रूप में खाद्य का हिस्सा कम हो सकता है, भले ही खाद्य की वास्तविक खपत निरपेक्ष रूप से बढ़ गयी हो, लेकिन गैर-खाद्य पर व्यय बहुत तेजी से बढ़ सकता है। सबसे गरीब वर्ग के लिए, कुल उपभोग व्यय में खाद्य पर व्यय का हिस्सा 60 प्रतिशत से अधिक है, जबकि सबसे अमीर वर्ग के मामले में, यह केवल 20 प्रतिशत के करीब है। दूसरे शब्दों में, अमीर वर्गों के मामले में खाद्य और गैर-खाद्य पर व्यय के बीच का अंतर तेजी से बढ़ता है। हाल ही में जारी की गयी रिपोर्ट में जो बात दिलचस्प लगती है, वह इस लंबी अवधि की प्रवृत्ति का उलट है, यानी कुल उपभोग व्यय में खाद्य का हिस्सा पिछले साल की तुलना में औसतन बढ़ा है।ग्रामीण उपभोक्ताओं के मामले में यह 46.38 से 47.04 प्रतिशत और शहरी उपभोक्ताओं के मामले में 39.17 से 39.68 प्रतिशत तक मामूली रूप से बढ़ा है। इसका मतलब यह नहीं है कि लोग पिछले साल की तुलना में औसतन ज़्यादा खाना खा रहे हैं, बल्कि ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि साल के ज़्यादातर समय में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की महंगाई दर से ज़्यादा रही है। उस स्थिति में जब खाद्य पदार्थों की कीमतें अन्य वस्तुओं की तुलना में ज़्यादा अनुपात में बढ़ती हैं और चूंकि लोग खाने की खपत में शायद ही कटौती करते हैं, इसलिए कुल खपत व्यय में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी में वृद्धि दर्ज की जाती है।पिछले कुछ सालों में उपभोग व्यय सर्वेक्षणों ने गैर-खाद्य वस्तुओं की खपत के वितरण में कुछ महत्वपूर्ण रुझानों को भी रेखांकित किया है। पिछले दशकों में शिक्षा और चिकित्सा सेवाओं पर व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह दो प्रक्रियाओं का संयुक्त प्रभाव हो सकता है। एक है स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा की आवश्यकता के बारे में बढ़ती जागरूकता, और दूसरा कारक निश्चित रूप से स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा दोनों का बढ़ता व्यवसायीकरण है, जो पहले सार्वजनिक प्रावधान के माध्यम से गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए काफी हद तक सुलभ था।पिछले दशक में दवा पर खर्च आसमान छू गया है और ईएमआई पर आधारित खपत कई गुना बढ़ गयी है। खपत के बढ़ते वित्तीयकरण ने सभी वर्गों के व्यय पैटर्न को प्रभावित किया है। ईंधन की कीमतों में वृद्धि भी विभिन्न वर्गों के उपभोग व्यय को प्रभावित करती है। पिछले दशकों में खाना पकाने के ईंधन पर खर्च में काफी वृद्धि हुई है। साथ ही, अध्ययनों से पता चलता है कि ग्रामीण और शहरी दोनों परिवारों द्वारा अपने बच्चों के लिए ट्यूशन फीस पर बहुत अधिक खर्च किया गया है और यह घटना गरीब वर्गों के लिए अपेक्षित रूप से अधिक है।पिछले दशक में औसतन गैर-खाद्य व्यय में सबसे महत्वपूर्ण वृद्धि संचार पर हुई है। सेल फोन का उपयोग सभी वर्गों में बढ़ गया है और कई मामलों में, यह कई निजी और सार्वजनिक लेनदेन के लिए लगभग अपरिहार्य हो गया है। डिजिटलीकरण में वृद्धि ने सेल फोन के उपयोग को लगभग गैर-विवेकाधीन बना दिया है। इंटरनेट का उपयोग भी बढ़ रहा है, लेकिन अमीर और गरीब के बीच व्यय का अंतर अभी भी अधिक है। उपभोग व्यय के इन बदलते परिदृश्यों में जो महत्वपूर्ण है वह है विभिन्न वर्गों में विवेकाधीन और गैर-विवेकाधीन उपभोग व्यय के बीच की सीमा को फिर से परिभाषित करना।ी व्यय विवेकाधीन हैं, वे कुछ हद तक ज़रूरत पड़ने पर टाले जा सकते हैं, जैसे मनोरंजन या बाहर खाने पर और जो अपरिहार्य हैं, जैसे भोजन, चिकित्सा देखभाल, आवास के लिए किराया या ईएमआई आदि पर व्यय। पिछले कुछ दशकों में उपभोग व्यय के उभरते पैटर्न से यह स्पष्ट है कि उपभोग की कई वस्तुएं जिन्हें पहले विवेकाधीन माना जाता था, वे विभिन्न वर्गों में गैर-विवेकाधीन हो गयी हैं। कामकाजी लोगों की उपभोग आवश्यकताओं में भी बदलाव आता है, और यह श्रम प्रक्रिया, सांस्कृतिक प्रक्रियाओं और उपभोग के सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बदलते वितरण से निर्धारित होता है।सबसे गरीब वर्ग के लिए, खाद्य कीमतों में वृद्धि से खाद्य पदार्थों की खपत कम हो सकती है जिससे पोषण की कमी हो सकती है, लेकिन अन्य निम्न और मध्यम वर्गों के लिए, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और संचार की उपलब्धता उपभोग मांग के महत्वपूर्ण घटक बनकर उभरी है। इसलिए, कामकाजी लोगों के लिए बेहतर जीवन के लिए आंदोलनों को इन महत्वपूर्ण तत्वों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है जो कामकाजी वर्ग के जीवन की बदलती आवश्यकताओं का गठन करते हैं।

## संपादकीय

# चुनाव आयोग पर सच- साबित हुए राहुल

अभी बुधवार को ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नवनिर्मित पार्टी मुख्यालय के उद्घाटन अवसर पर चुनाव आयोग पर उसके पक्षपातपूर्ण रवैये को लेकर निशाना साधा था; और चौबीस घंटे बीतते न बीतते उनकी बात साबित होती भी दिख गयी। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने जानकारी दी कि दिल्ली चुनाव अधिकारी (डीईओ) ने %एक्स% पर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई के आधिकारिक हैंडल पर जारी एक पोस्ट को रिपोस्ट कर दिया है। यह पोस्ट भाजपा नेताओं की चुनाव अधिकारियों के साथ हुई बैठक को लेकर थी।

संजय सिंह ने इसका स्क्रीन शॉट शेयर कर एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था तथा राजनीतिक दल के परस्पर सम्बन्धों को उजागर कर दिया है। राहुल गांधी ने अपने भाषण में हरियाणा तथा महाराष्ट्र विधानसभा के कुछ माह पहले हुए चुनावों के हवाले से संकेत दिये थे कि उनमें चुनाव आयोग ने पक्षपात किया था। राहुल का यह बयान इस परिप्रेक्ष्य में था कि वहां माहौल पूरी तरह से कांग्रेस और विपक्षी गठबन्धन इंडिया के पक्ष में था परन्तु परिणाम अप्रत्याशित रूप से भाजपा तथा उसके सहयोगी नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस के हक में गये थे।संजय सिंह ने एक्स पर की गयी अपनी पोस्ट में तंज कसा कि निर्वाचन अधिकारी औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल होकर उसका चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने लिखा- भारत के इतिहास में पहली बार- नयी दिल्ली के चुनाव अधिकारी ने चोरी-छिपे बीजेपी के ट्वीट-रिट्वीट करने शुरु कर दिये हैं। अब नयी दिल्ली विधानसभा के जिला अधिकारी कह रहे हैं जब प्यार किया तो डरना क्या।% कल सुबह 11 बजे जिला चुनाव अधिकारी बीजेपी ऑफिस में पार्टी ज्वाइन करेंगे। हालांकि जिला निर्वाचन अधिकारी की तरफ से इस मुद्दे पर सफाई आई कि सोशल मीडिया हैंडल का संचालन सोशल मीडिया सेल के एक अधिकारी करते हैं। उन्होंने अनजाने में रिपोस्ट की थी और अब उन्हें बदल दिया गया है। लेकिन सवाल तो फिर भी उठता ही है कि अनजाने में ही सही, लेकिन भाजपा की पोस्ट को ही रिपोस्ट क्यों किया गया, क्यों चुनाव आयोग के दफ्तर ने किसी और दल के पोस्ट को रिपोस्ट नहीं किया।

संजय सिंह ने भाजपा और चुनाव आयोग के अंतर्संबंधों को इस ट्वीट प्रकरण के सन्दर्भ में उजागर किया है लेकिन देश पिछले एक अर्से से यह देख रहा है कि किस प्रकार भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में विपक्ष को नेस्तनाबूद करने की जो चालें चली जा रही हैं, उनमें निर्वाचन आयोग प्रमुख भूमिका निभा रहा है। निर्वाचन आयोग को जेबी संस्था की तरह बनाने की कोशिशें हो रही हैं, जिसका काम सत्ता के दिशानिर्देशों का पालन करना मात्र रह गया है। सारे चुनावी कार्यक्रम सत्ताधीशों की सुविधानुसार तय किये जाने लगे हैं।अपनी सत्ता को बनाये रखने के लिये भाजपा सरकार ने चुनाव आयोग को बेहद कमजोर कर दिया है। पहले जहां मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन प्रधानमंत्री, एक केन्द्रीय मंत्री, विपक्ष के नेता तथा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मिलकर करते थे, पिछली सरकार ने एक कानून लाकर इस कमेटी से मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया। इस प्रकार से चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर पूरी तरह से सरकार का अधिकार हो गया है और विपक्ष की कोई भूमिका नहीं रह गयी है।कई राज्यों तथा पिछले लोकसभा चुनावों में भाजपा तथा निर्वाचन आयोग की मिलीभगत के आरोप विपक्ष ने लगाए। हाल के हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव के साथ हुए उपचुनावों में भी देखा गया कि सुबह को रूझान कुछ थे जबकि एक-डेढ़ घंटे के भीतर ही सभी के अनुमान ध्वस्त होते गये और दोपहर होते न होते अंततः भाजपा की ही विजय हुई थी। यह खेल कई राज्यों में खेला गया था। अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर पाई गयीं या उनमें हेर-फेर के साफ संकेत मिले - खासकर, लम्बे इस्तेमाल के बाद भी कई मशीनों का मतगणना के वक्त 99 फीसदी तक चार्ज रहना यह बताता है कि कहीं कोई गड़बड़ी हुई है। विपक्ष ही नहीं, अनेक प्रबुद्ध लोग तथा स्वयंसेवी संगठन चाहते हैं कि वोटिंग बैलेट पेपर से हो लेकिन उनकी न तो सरकार सुनती है और न ही स्वयं निर्वाचन आयोग। लोकसभा चुनाव के पहले कई विपक्षी दल इस बाबत आयोग से मिलकर अपनी बात कहना चाहते थे .

# आप नेताओं के खिलाफ आदेश से भाजपा को राजनीतिक लाभ की उम्मीदनर्मदा की जोड़ने वाली मेला संस्कृति

**आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के खिलाफ अभियोजन पक्ष को मंजूरी देने का मोदी सरकार का हालिया फैसला राजनीतिक उद्देश्यों के लिए केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल की चल रही कहानी में एक और अध्याय जोड़ता है**






राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार का केंद्रीय एजेंसियों पर निर्भर रहना लोकतंत्र और कानून के शासन के सिद्धांतों के प्रति चिंताजनक उपेक्षा को दर्शाता है। लोकतांत्रिक शासन के लिए यह आवश्यक है कि संस्थाए स्वतंत्र रूप से और बिना किसी हस्तक्षेप के काम करें, यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय निष्पक्ष और निष्पक्ष रूप से प्रशासित हो।आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के खिलाफ अभियोजन पक्ष को मंजूरी देने का मोदी सरकार का हालिया फैसला राजनीतिक उद्देश्यों के लिए केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल की चल रही कहानी में एक और अध्याय जोड़ता है। मूल रूप से, यह कदम एक ऐसे पैटर्न को उजागर करता है जिसमें देश के विभिन्न संस्थानों को सत्तारूढ़ पार्टी के एजंडे को ही आगे बढ़ाने के लिए एक उपकरण के रूप में किया जा रहा माना जाता है। वर्तमान घटनाक्रम का संदर्भ और समय इस तरह की कार्रवाइयों के पीछे रणनीतिक प्रेरणाओं को ओर रेखांकित करता है, जिससे इन संस्थानों की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा में उनकी भूमिका के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। %पिंजरे में बंद तोता% समकालीन राजनीतिक मुहावरे का हिस्सा बन गया है।केन्द्रीयगृह मंत्रालय द्वारा अभियोजन के लिए मंजूरी नवंबर में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये ऐतिहासिक फैसले के तीन महीने बाद आई है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को लोक सेवकों पर मुकदमा चलाने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की तरह ही पूर्व मंजूरी लेनी चाहिए। इस फैसले की जांच शक्तियों के संभावित दुरुपयोग के खिलाफ सुरक्षा के रूप में सराहना की गयी थी, जो इस सिद्धांत को पुष्ट करता है कि अभियोजन को पर्याप्त निगरानी के बिना आगे नहीं बढ़ना चाहिए।

लेकिन केंद्र सरकार ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ही इसे मंजूरी नहीं दी। अब जब चुनाव प्रक्रिया शुरु हो गई है तब मंजूरी दी गयी है। इस घटनाक्रम को न्यायपालिका द्वारा ईडी की बढ़ती जांच की पृष्ठभूमि में भी देखा जाना चाहिए। हाल के दिनों में, एजेंसी को मनी लॉन्ड्रिंग मामलों से निपटने के लिए विभिन्न अदालतों से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। ईडी द्वारा की गयी कई गिरफ्तारियों को %अवैध% करार दिया गया है, तथा अदालतों ने पर्याप्त सुबूत या उचित प्रक्रिया के बिना हिरासत में लिये गये व्यक्तियों की तत्काल रिहाई का आदेश दिया है।ऐसे मामलों ने ईडी की निष्पक्षता और कानूनी मानदंडों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं, जिससे एक जांच निकाय के रूप में इसकी विश्वसनीयता पर संदेह पैदा हुआ है। ईडी की कार्रवाई की चयनात्मक प्रकृति ने इसकी मंशा के बारे में संदेह को और गहरा कर दिया है। विपक्षी नेताओं को पकड़ने में एजेंसी का उत्साह सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े लोगों के खिलाफ इसी तरह के आरोपों की जांच करने की उसकी स्पष्ट अनिच्छा के बिलकुल विपरीत है। यह असमानता पक्षपात की धारणा को बढ़ावा देती है और कानूनी प्रक्रिया की निष्पक्षता में जनता के विश्वास को कम करती है। यह संस्थागत स्वायत्तता के क्षरण के बारे में भी चिंता पैदा करता है, क्योंकि जिन एजेंसियों को सत्ता पर नियंत्रण के रूप में कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया था, उन्हें तेजी से राज्य नियंत्रण के साधन के रूप में देखा जा रहा है।जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी उन प्रभावशाली विपक्षी नेताओं को बेअसर करने पर आमादा दिख रही है, जो इसके खिलाफ प्रतिरोध को बढ़ावा देने की क्षमता रखते हैं। केजरीवाल, विशेष रूप से दिल्ली में, आप को एक मजबूत ताकत के रूप में स्थापित करने और अन्य राज्यों में इसके प्रभाव का विस्तार करने में उनकी सफलता को देखते हुए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक चुनौती का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसा लगता है कि सरकार उन्हें और उनके करीबी सहयोगियों को निशाना बनाकर आप की विश्वसनीयता को कमज़ोर करने और उसकी चुनावी संभावनाओं को कम करने की कोशिश कर रही है।राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार का केंद्रीय एजेंसियों पर निर्भर रहना लोकतंत्र और कानून के शासन के सिद्धांतों के प्रति चिंताजनक उपेक्षा को दर्शाता है। लोकतांत्रिक शासन के लिए यह आवश्यक है कि संस्थाए स्वतंत्र रूप से और बिना किसी हस्तक्षेप के काम करें, यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय निष्पक्ष और निष्पक्ष रूप से प्रशासित हो। जब इन सिद्धांतों से समझौता किया जाता है, तो यह राज्य की वैधता को कमज़ोर करता है और इसकी संस्थाओं में विश्वास को कम करता है। विपक्षी नेताओं से जुड़े मामलों में केंद्रीय एजेंसियों को बार-बार बीच में लाने से यह आभास होता है कि सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाये रखने की तुलना में सत्ता को मजबूत करने के लिए अधिक चिंतित है।इस प्रवृत्ति के व्यापक निहितार्थ बहुत चिंताजनक हैं। एक स्वस्थ लोकतंत्र में, ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाएं भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग पर महत्वपूर्ण जांच के रूप में काम करती हैं। उनकी विश्वसनीयता बिना किसी डर या पक्षपात के काम करने की उनकी क्षमता पर निर्भर करती है, जो राजनीतिक संबद्धता की परवाह किये बिना कानून को समान रूप से लागू कर सके। जब इन एजेंसियों को सत्तारूढ़ पार्टी के उपकरण के रूप में माना जाता है, तो उनकी प्रभावशीलता से समझौता होता है, और उनके कार्यों को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है। इससे न केवल संस्थाएं कमजोर होती हैं, बल्कि समग्र रूप से न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास भी कम होता है।

ईडी से जुड़े मामलों में न्यायपालिका के हालिया हस्तक्षेप आशा की एक किरण प्रदान करते हैं, जो लोकतांत्रिक मानदंडों की रक्षा में एक स्वतंत्र न्यायपालिका की भूमिका को उजागर करते हैं। अवैध हिरासत के मामलों को सामने लाकर और उचित प्रक्रिया की आवश्यकता पर जोर देकर, अदालतों ने कानून के शासन को बनाये रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। हालांकि, न्यायपालिका अकेले जांच एजेंसियों को परेशान करने वाले प्रणालीगत मुद्दों का प्रतिकार नहीं कर सकती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए संस्थागत स्वायत्तता को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस प्रयास की आवश्यकता है कि एजेंसियां राजनीतिक दबाव से अछूती रहें।विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर और केंद्रीय एजेंसियों को राजनीतिक प्रतिशोध के साधन के रूप में इस्तेमाल करके, सत्तारूढ़ पार्टी ध्रुवीकरण को गहरा करने और अविश्वास के माहौल को बढ़ावा देने का जोखिम उठा रही है। इस तरह की रणनीति से अल्पकालिक लाभ मिल सकता है, लेकिन वे लोकतांत्रिक शासन की नींव को नष्ट करने की कीमत पर आते हैं। लंबे समय में, लोकतंत्र का स्वास्थ्य सभी राजनीतिज्ञों की संस्थागत सीमाओं का सम्मान करने और निष्पक्षता और न्याय के सिद्धांतों को बनाये रखने की इच्छा पर निर्भर करता है।

# दो दिवसीय रैली में महर्षि कृष्ण इंटर कॉलेज के छात्र/छात्राएं रही अव्वल





**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। विद्यावती यादव स्मारक महर्षि कृष्ण** इंटर कॉलेज हडिया में तहसील स्तरीय भारत स्काउट गाइड की दो दिवसीय रैली का आयोजन 17व18 जनवरी को हुआ। इस रैली का शुभारंभ संयोजक प्रधानाचार्य डॉक्टर हरि प्रकाश यादव के ज्ञान की देवी सरस्वती मां की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ हुआ।तत्पश्चात प्रधानाचार्य ने झंडारोहण के साथ मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने संबोधन में स्काउट और गाइड की बारीकियों को प्रतिभागी टीमों से अपने प्रदर्शन में सम्मिलित करने की बात कही। तहसील नोडल विनोद यादव ने रैली का संचालन किया प्रथम दिन रैली में वर्दी, मार्च पास्ट, कलर पार्टी, सिगनलिंग एवं और कैंप फायर विषय पर प्रतियोगिता कराई गई व दूसरे दिन सांठगांठ बंधन, आपात चिकित्सा ,साहसिक क्रिया क्लाप ,तंबू लगाने आदि विषय पर प्रतियोगिता करायी गयी। इस रैली में जूनियर वर्ग स्काउट व गाइड में मेजबान महर्षि इंटर कॉलेज और सीनियर वर्ग स्काउट में महर्षि कृष्ण इंटर कॉलेज, पब्लिक इंटर कॉलेज मोतिहा जनता इंटर कॉलेज इमामगंज एवं सीनियर वर्ग गाइड में महर्षि कृष्ण इंटर कॉलेज, पब्लिक इंटर कॉलेज मोतिहा,शिव इंटर कॉलेज कटहरा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सैदाबाद की टीमों ने प्रतिभाग किया है।

निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में धनपुर ब्लॉक स्काउट मास्टर मनोज मौर्य, गाइड कैप्टन पुष्पांजलि मौर्य, गाइड कैप्टन संतोष कुमारी सदस्य के रूप में मनोनीत किए गए। दूसरे दिन रैली की प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया जिसमें स्काउट व गाइड दोनो मे जूनियर वर्ग में महर्षि कृष्ण इंटर कॉलेज हडिया की छात्र/छात्राएं प्रथम स्थान पर रही। सीनियर वर्ग स्काउट में महर्षि कृष्ण इंटर कॉलेज हडिया के छात्र प्रथम व जनता इंटर कॉलेज इमामगंज के छात्र द्वितीय स्थान पर रहे । सीनियर वर्ग गाइड में पब्लिक इंटर कॉलेज मोतिहा की छात्राएं प्रथम स्थान पर व शिव इंटर कॉलेज कटहरा की छात्राएं द्वितीय स्थान पर रही ।

रैली में लल्लन यादव ,भारत सिंह फूलपुर नोडल प्रभारी सुरेंद्र प्रताप सिंह, राजीव रंजन पटेल,राजेश सिंह, नीरज कुमार, रितेश द्विवेदी, अनीता श्रीवास्तव, अनंगनाथ शुक्ल,नरेंद्र प्रताप यादव, ओम प्रकाश ,हरिश्चंद्र यादव, पूनम यादव,सीमा यादव,अर्जुन यादव राम शंकर गुप्ता ,भालचंद्र, छेदीराम ,राम नगीना, विश्वेष राज रत्नम ,तेज बहादुर ,मिथिलेश कुमार ,अनिल यादव अवधेश यादव तुलेराम, राजेश यादव, दिनेश यादव, विमलेश प्रजापति सहित समस्त शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मैनपुरी स्थित च्यवन ऋषि आश्रम और चांदेश्वर महादेव मंदिर का 6.17 करोड़ रुपए से कराया गया पर्यटन विकास

लखनऊ
उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल 18 जनवरी को जनपद मैनपुरी में चांदेश्वर महादेव मंदिर तथा च्यवन ऋषि आश्रम प्रांगण में स्थित च्यवन ऋषि आश्रम औंछा के पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इन दोनों कार्यों पर लगभग 6.17 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय हुई है। मैनपुरी में इन दोनों मंदिरों के प्रति श्रद्धालुओं की काफी आस्था है। विभिन्न पर्वों पर यहां भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं।
यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मैनपुरी के औंछा में स्थित च्यवन ऋषि आश्रम आस्था का केंद्र है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इनकी सुविधाओं के लिए लगभग 4.92 करोड़ से घाट का विकास, रिटेनिंग वाल का कार्य, चेंजिंग रूम का कार्य, सत्संग हाल का निर्माण, टूरिस्ट शेल्टर, कार्यालय और डारमेट्री का कार्य, मंदिर का सौंदर्यीकरण, स्थलीय विकास कार्य शौचालय सहित अन्य कई कार्य कराए गए हैं।
पर्यटन मंत्री ने बताया कि मैनपुरी जनपद में ही चांदेश्वर महादेव मंदिर पर दर्शन-पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। यहां भी लगभग 1.26 करोड़ रुपये से पर्यटक सुविधाओं का विकास किया गया है। इनमें प्रवेश द्वार, मल्टीपर्पज हाल, मंदिर का सौंदर्यीकरण, लैंड स्केपिंग के अलावा कई और पर्यटक सुविधाएं विकसित की गई हैं।
जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन के मामले में देश में पहले स्थान पर है। राज्य में स्थित धार्मिक, आध्यात्मिक स्थलों के साथ-साथ अन्य पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं का विकास भी किया जा रहा हैं।

## मनरेगा से गांवों में बन रहे अन्नपूर्णा भवन अत्याधुनिक सुविधाओं वाले भवनों में शिफ्ट हो रहे खाद्य गोदाम

**लखनऊः उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निदेशों के क्रम में मनरेगा से गांवों में बन रहे अन्नपूर्णा भवन बनाये जा रहे हैं। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत खाद्यान भण्डारण संरचनाओं का निर्माण, जिनका उपयोग उचित दर की दुकानों के लिए भी किया जा सकता है, ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत सरकारी जमीन पर खाद्यान भण्डारण संरचना (अन्नपूर्णा भवन) का निर्माण कार्य निरंतर जारी है। इसमें एक हॉल, एक प्रतीक्षालय के साथ साथ जनसेवा केंद्र संचालन की व्यवस्था की जा रही है।
प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के अंतर्गत राशन मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) का निर्माण कार्य जारी है। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 2800 से ज्यादा कार्य प्रारंभ कराये जा चुके हैं, जबकि इनमें से बड़ी संख्या अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार भी हो चुके हैं, जबकि करीब 2763 कार्य प्रगतिशील हैं। उचित दर विक्रेताओं की दुकानें संकरी गलियों में होने के कारण खाद्यान वाहन और आम जनमानस को दुकान तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ता था। ग्राम सभाओं में अब अन्नपूर्णा भवन के विकसित होने से खाद्यान वाहन और आम जनमानस की पहुंच आसान हुई है। उचित दर दुकानों की व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए यहां से विद्युत देयकों का भुगतान, सी.एस.सी सेवाएं, पी.एम वाणी के अंतर्गत ब्रॉडबैंड सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ आम जनमानस की रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं की बिक्री की भी अनुमति प्रदान की गई है। एक भाग में उचित दर की दुकान होगी। इसमें खाद्यान्न संग्रहण की भी व्यवस्था है। स्टोर के दूसरे भाग में जन सुविधा केंद्र एवं जनरल स्टोर का संचालन किया जाएगा। यह उचित दर दुकान (अन्नपूर्णा भवन) अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी। यहां सीसीटीवी कैमरे के साथ ही इंटरनेट की भी सुविधा होगी।

## गंभीर धाराओं में योजित मुकदमों का तेज होगा ट्रायल

**बहराइच। अभि**योजन विभाग की मासिक समीक्षा हेतु वृहस्पतिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने विभिन्न न्यायालयों में योजित गम्भीर धाराओं में अपराधियों के विरुद्ध प्रचलित मुकदमों पर विशेष चर्चा करते हुए ट्रायल को गति देने के निर्देश दिये गये। डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि जिन प्रकरणों में दोष मुक्ति हुई है उनकी विशेष समीक्षा कर अपील में जाने योग्य वादों में समयबद्ध रुप से अपील कर प्रभावी पैरवी की जाय।बैठक का संचालन करते हुए संयुक्त निदेशक अभियोजन द्वारा बताया गया कि मा. सत्र न्यायालयों में प्रभावी पैरवी कर 28 लोगों को सजाएं दिलायी गयी हैं, जिसमें बलात्कार के 02, पाक्सों अधिनियम के तहत 09 व एससीएसटी एक्ट का 01 वाद भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अन्य मामलों में भी अधीनस्थ न्यायालय में भी प्रभावी पैरवी कराते हुए अभियुक्तों के विरूद्ध जुमार्ना अधिरोपित कराते हुए मा. न्यायालय द्वारा दण्डादेश पारित करवाया गया। बैठक में एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, डीजीसी क्रिमिनल गिरीश चन्द्र शुक्ला, संत प्रताप सिंह विशेष शासकीय अधिवक्ता, अभियोजन अधिकारी निर्मल कुमार यादव, एपीओ तबस्सुम, प्रमोद कुमार, एसपीपी पाक्सो संतोष कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह एडीजीसी क्रिमि., प्रेम प्रकाश मिश्रा, सुनील कुमार जायसवाल, विमलेन्द्र कुमार शुक्ल, ओंकार सिंह, महेन्द्र कुमार सिंह, सुरेन्द्र कुमार मौर्य, सुरेन्द्र सिंह, श्रीनिवास तिवारी, रमाशंकर, बृजेश कुमार तिवारी, उमेश चन्द्र मिश्र, राकेश कुमार उपस्थित रहे।

## सकट चौथ पर संतान के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

**भांवरकोल /गाजीपुर। हिन्दू** पंचांग के अनुसार माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर शुक्रवार को सकट चौथ का व्रत रखा गया। महिलाओं ने सुबह मंदिर में जाकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की और सकट चौथ पर भगवान गणेश की वंदना करते हुए। महिलाओं ने व्रत कथा सुनकर विधि विधान से पूजा की। रात को चंद्रोदय के दर्शन के बाद महिलाओं ने व्रत खोला। महिलाओं ने बताया कि सकट चौथ में महिलाएं अपनी संतान की लंबी आयु और घर में सुख समृद्धि की कामना के लिए दिन में उपवास रखती हैं। मान्यता है कि सकट चौथ का व्रत रखने और भगवान गणेश की पूजा अर्चना करने से आने वाले सभी संकट दूर हो जाते हैं। दिनभर उपवास रखने के बाद शाम के समय भगवान गणेश की पूजा करने के बाद चंद्रमा को जल अर्पित कर व्रत खोलते हैं। महिलाएं तिल से बने खाद्य पदार्थों का प्रसाद के रूप में सेवन करती है, इसलिए इसे तिलकुटा चौथ का व्रत कहा जाता है। इस तिथि को संकट चौथ, माघी चतुर्थी, संकष्टी चतुर्थी, तिल चौथ आदि नाम से जाना जाता है।

## ठंडी हवाओं से गलन बरकरार, धूप भी बेअसर

**भांवरकोल /गाजीपुर। सर्द हवाओं** के कारण ठंड का सितम थमने का नाम नहीं ले रहा है। ठंडी हवाओं के चलने से बरकरार गलन से दोपहर में निकली धूप भी बेअसर साबित हुई। ठंड से परेशान लोगों को इससे बचने के लिए घरों में हीटर तो बाहर निकलने पर अलाव का सहारा लेने को विवश होना पड़ा हालांकि शुक्रवार सुबह कोहरा और ठंडी पछुआ हवाओं के चलने से ठिठुरन कायम रही। मौसम साफ हुआ तो दोपहर में हल्की धूप भी निकली लेकिन तपिश न होने से वह बेअसर साबित हुई। ठंड के कारण ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहने से दुकानदार व कारोबारी भी परेशान दिखने लगे हैं। शाम ढलने के साथ बढ़ी गलन के बाद लोग ठंड से बचने के लिए फिर घरों में दुबकने लगे। इससे चौक-चौराहों के साथ रोडवेज बस स्टैंड पर छाए सन्नाटे के बीच लोगों की भीड़ ठंड से बचने के लिए जल रहे अलाव के आसपास जुटी दिखी आलू-टमाटर पर झुलसा, सरसों पर माहू का खतरा बीते कुछ दिनों से लगातार जारी भीषण ठंड का असर खेती किसानी पर भी देखने को मिला है। ठंड बढ़ने से जहां रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं को फायदा है तो वहीं आलू, टमाटर, सरसों को नुकसान होने की आशंका से किसान परेशान हैं। कृषि के कुछ जनकार किसनों ने बताया कि कोहरे के कारण गेहूं में प्रसार तेज होगा वहीं लगातार ठंड से आलू व टमाटर में झुलसा रोग की आशंका बढ़ गई है। बचाव के लिए किसान हल्की सिंचाई कर दें।

## बुंदेलखण्ड विकास निधि के तहत चित्रकूट की 10 परियोजनाओं के लिए 508.70 लाख रुपए मंजूर

**लखनऊः प्रदे**श सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में बुंदेलखण्ड विकास निधि (राज्यांश) के तहत जनपद चित्रकूट की 10 परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 508.70 लाख रुपए मंजूर किये हैं। मंजूर की गई धनराशि मुख्य विकास अधिकारी, चित्रकूट के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति मुख्य विकास अधिकारी, चित्रकूट को प्रेषित कर दी गई है।
शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से जनपद चित्रकूट के पैकौरा से डडिया संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 77.36 लाख रुपए, गणेश जी के मंदिर से चकभडेसर संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 106.41 लाख रुपए, धोबी पुरवा से बरकोट संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 05.07 लाख रुपए, कांटा सरकार से कैलहा कॉलोनी मेन रोड तक संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 5.28 लाख रुपए, लुढ़ौताकला से पदुमनारायण के डेरा तक संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 17.67 लाख रुपए, नदौलीपुरवा रेलवे ब्रिज से कोनिया चचोखर संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 13.50 लाख रुपए, लौघटा से बौना पुरवा संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 144.15 लाख रुपए, मेनरोड से सुन्दरलाल कोरी के डेरा तक संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 11.44 लाख रुपए, पी0एम0जी0एस0वाई0 मार्ग चित्रवार से कुम्हारन का डेरा होते हुए नींबी तक संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 114.38 लाख रुपए तथा गौतमपुर से कुम्हानपुरवा होते हुए बदरी पुरवा संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 13.44 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

## पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, मृतक बच्चे के घर मातम का माहौल

**बहराइच। जंग**ल से सटे ग्राम पंचायत चहलवा में शुक्रवार सुबह अचानक मिट्टी की दीवार गिर गई। जिसके मलबे में दबकर पांच वर्षीय बालक की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक बच्चे के घर मातम का माहौल है।
जिले में गुरुवार को बारिश हुई।जिला मुख्यालय समेत शहरी क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई। जबकि जंगल से सटे गांवों में रिमझिम बारिश हुई। इसका असर मिट्टी के बने मकानों में भी देखा गया। बारिश से मिट्टी के मकान में नमी आ गई है। सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चहलवा के मजरा बिहारीपुरवा गांव निवासी आर्यन (5) पुत्र प्रेम सिंह शुक्रवार सुबह खेल रहा था।खेलने के दौरान मिट्टी की दीवार भरभराकर गिर गई। जिसके नीचे दबकर आर्यन गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद परिवार वाले उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया।प्रभारी निरीक्षक हरीश कुमार सिंह ने बताया कि परिवार के लोगों से वार्ता के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

## गुलरिहा में वृहद गौ संरक्षण केन्द्र व देवीदासपुर में 33/11 विद्युत उप केन्द्र स्थापित होगा

**बहराइच। जिले** की तहसील पयागपुर अन्तर्गत परगना इकौना के ग्राम गुलरिहा में वृहद गौ संरक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु खसरा/गाटा संख्या 1823 क्षेत्रफल 1.3840 हेक्टयर बंजर श्रेणी की भूमि आवंटन पशुपालन विभाग को किया गया है। इसी प्रकार तहसील कैसरगंज के परगना हिसामपुर के ग्राम देवीदासपुर में 33/11 के.वी. विद्युत नवीन उपकेन्द्र देवीदासपुर के निर्माण हेतु खसरा/गाटा संख्या 791 ग मि./क्षेत्रफल 0.1210 हे. बंजर श्रेणी की भूमि का आवंटन उ.प्र. पावर कार्पोरेशन लि. लखनऊ को किया गया है।यह जानकारी जिलाधिकारी मोनिका रानी ने दी। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं को शीघ्र ही शुरू करा दिया जाएगा।

## अनन्तिम पुनरीक्षित कलेक्टर दर सूची के सम्बन्ध आमंत्रित किये आपत्ति/सुझाव

**बहराइच। उत्तर प्रदेश (सम्पत्ति का मूल्यांक**न) नियमावली 2013 के नियम 4 (1) के अधीन निर्गत पुनरीक्षित वार्षिक मूल्यांकन सूची को जनपद में लागू किया जाना है। जिसके लिए अनन्तिम पुनरीक्षित कलेक्टर दर सूची तैयार कर ली गयी है जो जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं उप निबन्धक कार्यालयों में जन सामान्य के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि तैयार की गयी अनन्तिम पुनरीक्षित दर सूची उल्लिखित/प्रस्तावित दरों के सम्बन्ध में यदि किसी की कोई आपत्ति/सुझाव हो तो 23 जनवरी 2025 की सांयकाल 5 बजे तक लिखित रूप में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), सहायक महानिरीक्षक निबन्धन अथवा सम्बन्धित उप निबन्धक कार्यालय, में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी आपत्ति/सुझाव स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि 25 जनवरी 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आपत्तियों का निस्तारण/अनुश्रवण किया जायेगा जिसमें आपत्तिकर्ता को भी सुनवाई का अवसर प्रदान किया जायेगा।

## परिवार नियोजन सेवाओं के लिए मिशन परिवार विकास चलाएगा व्यापक अभियान

**गाजीपुर। प**रिवार नियोजन सेवाओं के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 18 से 31 जनवरी तक मिशन परिवार विकास अभियान का आयोजन किया जाएगा इस सम्बन्ध में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. पिंकी जोवेल की तरफ से समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश दिए गए हैं` इस अभियान के अंतर्गत परिवार नियोजन सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पखवाड़े के दौरान जनपदों के दूर-दराज इलाकों में परिवार नियोजन के महत्वपूर्ण संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है ताकि अधिक से अधिक लोग इन सेवाओं का लाभ उठा सकें।

# भारतीय संस्कृति की गहराईयों में झांकता दिखा नाटक समुद्र मंथन





## समुद्र मंथन में दिखा चित्तरंजन त्रिपाठी का निर्देशकीय कौशल

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। क**लाग्राम में आयोजित सांस्कृतिक कुंभ में शनिवार को आसिफ अली द्वारा लिखित नाटक ' समुद्र मंथन' का मंचन चित्तरंजन त्रिपाठी के निर्देशन में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली के रिपर्टरी समूह द्वारा किया गया। नाटक की शुरूआत इस बात से होती है कि हमें आखिरकार नाटक से क्या मिलेगा? हम अपने जीवन के अन्य जरूरी विषयों पर मंथन करने के जगह कला, साहित्य और नाटकों पर मंथन क्यों करें? जिसका उत्तर हमें नाटक के अंत में मिलता है। नाटक में ऋषि दुवार्सा देवराज इंद्र से नाराज होकर उन्हें हीन और शक्तिहीन होने का श्राप दे देते हैं। इसका का लाभ उठाकर दैत्यराज बलि इंद्र जैसे देवताओं को परास्त कर स्वर्ग के लोगों पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लेता है।
देवताओं पर दैत्यों की इस विजय के कारण सम्पूर्ण सृष्टि पर दैत्यों और राक्षसी प्रवृत्तियों का आधिपत्य होने लगा। जगतपिता ब्रह्माजी के आदेश पर इन्द्र सहित सभी देवताओं ने सृष्टि की रक्षा और पुनः सृष्टि की स्थापना के लिए परमपिता परमेश्वर श्री विष्णु से प्रार्थना की। देवताओं की व्यथा सुनकर सृष्टि के पालनहार नारायण ने उन्हें अपने क्षीरसागर को चमच्च करने का आदेश दिया ताकि सृष्टि से लुप्त हो चुके सत्य और सार को पुनः स्थापित किया जा सके, किन्तु इसके लिए न केवल देवताओं की शक्ति बल्कि दैत्यों की शक्ति अर्थात उनकी राक्षसी शक्ति की भी आवश्यकता थी। दैत्यों की प्रवृत्ति को जानकर उन्हें मंथन में प्राप्त रत्नों पर समान अधिकार का प्रलोभन दिया जाता है और नारायण के आदेश पर सभी को सम्मिलित करते हुए अमृत मंथन आरम्भ होता है। निर्देशक चित्तरंजन त्रिपाठी का निर्देशकीय कौशल पूरे नाटक में बार-बार उभर कर आता है। नाटक में जिन मोहक दृश्यों को सांस्कृतिक मंच पर उकेरा गया, वे सभी दृश्य दर्शकों की स्मृति में सदा के लिए जगह बना लेते हैं। मंच-परिकल्पना और बाह्य-संगीत नाटक को और रोमांचक और गतिशील बनाते हैं, जिससे दर्शकों को पलक झपकने तक का समय नहीं मिलता।

वही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बिहार के कलाकारों ने मिथिलांचल के पारंपरिक नृत्य झिझिया की प्रस्तुति देकर दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। उड़ीसा के कलाकारों ने गोटीपुआ नृत्य, गुजरात का राठवा नृत्य, मध्य प्रदेश का बैगा फाग नृत्य, उत्तराखंड का घसियारी नृत्य, महाराष्ट्र का सांगी मुखौटा नृत्य, उत्तराखंड के कलाकारों ने छपेली नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों से खूब तालियां बटोरी।

**पर्यटकों को लुभा रही है प्रदर्शनी क्षेत्र-** कलाग्राम में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, इलाहाबाद संग्रहालय, राष्ट्रीय अभिलेखागार तथा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र द्वारा कलाग्राम में महाकुंभ से रिलेटेड पोस्टर, प्रर्दशन तथा कलाकृतियां का एक मनमोहक डिजिटल प्रर्दशनी लगायी गयी है जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है।

## बेंगलुरु में खुला अमेरिकी वाणिज्य दूतावास, व्यापार-निवेश को मिलेगा बढ़ावा

**बेंगलुरु।** भारत के आईटी हब बेंगलुरु में शुक्रवार को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन हुआ। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी ने उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। विदेश मंत्री जयशंकर ने इस कदम को भारत-अमेरिका संबंधों में एक महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि जल्द ही भारत भी लॉस एंजिल्स में अपना वाणिज्य दूतावास खोलेगा।
जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ल पर एक पोस्ट में लिखा बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन का हिस्सा बनना खुशी की बात है। कार्यक्रम के आयोजन के लिए भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी और उनकी टीम को बधाई। भारत-अमेरिका सहयोग हमारे दोनों देशों के बीच मजबूत लोगों के बीच संबंधों से प्रेरित है। यह प्रौद्योगिकी, नवाचार, अंतरिक्ष, रक्षा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में स्पष्ट है। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास इन साझेदारियों को मजबूत करने, विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और प्रतिभा की गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा।
उद्घाटन सत्र के दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि हम देश के तौर पर नए दूतावासों को खुलवाने का समर्थन कर रहे हैं, ताकि हमारा दुनिया से और गहरा जुड़ाव हो सके। भारत-अमेरिका संबंधों के विस्तार के बारे में बोलते हुए डॉ. जयशंकर ने कहा आज, जब हम एआई, ईवी, अंतरिक्ष और ड्रोन के युग में हमारे सामने मौजूद सभी संभावनाओं को देखते हैं, तो हमारे रिश्ते पहले से कहीं ज्यादा तकनीक पर आधारित होंगे।
भारत में मौजूदा अमेरिकी वाणिज्य दूतावास चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई में हैं। बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की स्थापना की मांग लंबे समय से की जा रही थी और अब उम्मीद है कि इससे कर्नाटक के निवासियों के लिए वीजा आवेदन प्रक्रिया आसान हो जाएगी। इसके साथ ही नया वाणिज्य दूतावास मुख्य रूप से अमेरिका और कर्नाटक के बीच आर्थिक और राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने के साथ ही अमेरिका-भारत के बीच निवेश एवं व्यापार को भी बढ़ावा देगा।
**(रिपोर्ट. शाश्वत तिवारी)**

## गणेश चतुर्थी पर सपा नेता ने बाबा बड़ा गणेश का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया`

**वाराणसी :-** गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोहटिया स्थित "बड़ा गणेश मंदिर" मे शुक्रवार को श्रद्धालुओ का जबरदस्त भीड़ देखने को मिला` गणेश चतुर्थी के अवसर पर सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा "विश्वकर्मा" ने मंदिर मे विधिवत दर्शन पूजन कर बाबा बड़ा गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया` सपा नेता विष्णु शर्मा "विश्वकर्मा" ने कहा कि आज के दिन गणेश चतुर्थी पर बड़ा गणेश बाबा का दर्शन करने से पुत्र की प्राप्ती होती है एवं हर कष्ट को विध्न विनायक गणेश जी दुर करते है **आज का दिन अत्यधिक महत्व माना जाता है`**

## इस बार गणतंत्र दिवस पर दिखेगी अटल बिहारी बाजपेई के सुशासन की झलक

**बहराइच। जिले में गणतन्त्र दिवस के कार्यक्रम की रुपरेखा तय कर ली गई है।तय रुपरेखा** के अनुसार कार्यक्रम कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मोनिका रानी ने की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक के सभी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया जाय तथा गणतन्त्र दिवस की गरिमा के अनुरूप अन्य कार्यक्रम भी पूरी भव्यता/उत्कृष्टता के साथ आयोजित किये जायें।डीएम ने निर्देश दिया कि गणतन्त्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित भी किया जाय।बैठक के दौरान डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस तथा 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस तथा 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के आयोजन हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर शासन की मंशानुसार गरिमापूर्ण तरीके से कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित करें। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि उत्तर-प्रदेश दिवस, राष्ट्रीय मतदाता दिवस तथा गणतन्त्र दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के ह्यह्यसुशासनह्लह्ल से संबंधित विचारों एवं नीतियों पर विचार-गोष्ठी, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी, प्रधानमंत्री के रूप में योगदान पर विचार-गोष्ठी, निबंध लेखन, भाषण एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता आदि अवसरानुकूल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाय।डीएम ने कहा कि 25 जनवरी 2025 को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस ह्यह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्लह्ल की थीम पर आयोजित होगा। मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेण्डर व अन्य वर्गों के मतदाताओं को सम्मानित किया जायेगा। डीएम ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पूर्वान्ह 11:00 बजे से प्रत्येक बूथ पर तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलायी जायेगी। डीएम ने डीआईओएस को निर्देश दिया कि कालेजों एवं महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी, स्लोगन राईटिंग, निबन्ध लेखन इत्यादि प्रतियोगिता आयोजित कर लोगों को मतदाता बनने तथा मतदान करने हेतु जागरूक किया जाय।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, डीडीओ राज कुमार, सम्बन्धित एसडीएस, डीआईओएस मनोज कुमार अहिरवार, ईओ नगर पालिका प्रमिता सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# अब तक 4560 श्रद्धालुओं ने लिया चिकित्सकीय लाभ



देवा श्रीवास्तव

**प्रयागराज। सत्गुरु,** ब्रम्हज्ञान देकर इस परमपिता परमात्मा से जोड़ देता है और मनुष्य को चौरासी लाख योनियों में बार-बार जन्म लेने, बार-बार मरने के दुष्चक्र से मुक्त कर देता है और उसे कतार्भाव से भी मुक्त कर देता है जिससे वह कर्मों के जाल में न फसे । उक्त उद्?गार दिल्ली से आयी हुई निरंकारी संत श्रीमती डा० प्रवीण खुल्लर जी (सचिव, संत निरंकारी मंडल- दिल्ली) ने महाकुम्भ मेला क्षेत्र, सेक्टर-16, तुलसी मार्ग, पश्चिमी पटरी स्थित संत निरंकारी मिशन की शिविर में साध संगत को सम्बोधित करते हुवे व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि परमात्मा अखण्ड है, अनन्त है, शाश्वत है, अविनाशी है, सर्वव्यापक है, अजर है, अमर और स्वयंभू है। यह पारब्रम्हा - परमात्मा दिव्य, अलौकिक आदि शक्ति है जिसका कोई अन्त कोई पारावार नहीं है। इसी दिव्य अलौकिक शक्ति का अंश हर जीव, प्राणी, प्रकृति में समाहित है। यह सबमें समान रूप से व्यापक होते हुवे भी सबसे अलग, स्वयं समर्थ और हर प्रकार से परिपूर्ण है।

जोनल इंचार्ज श्री अशोक कुमार सचदेव जी ने आये हुवे अतिथियों एवं श्रद्धालुओ का स्वागत एवं आभार प्रकट किया और बताया कि महा कुम्भ मेला क्षेत्र में संत निरंकारी मिशन द्वारा निः शुल्क डिस्पेंसरी शिविर पिछले 10 जनवरी से ही प्रारम्भ हो गई है जोकि आगामी 4 फरवरी तक, पूरे 26 दिनों तक स्थापित रहेगी। इस दौरान, महाकुम्भ में आये हुवे स्थानार्थियो, श्रद्धालुओं का निःशुल्क प्राथमिक उपचार एवं दवा वितरण किया जा रहा है। अब तक 4560 श्रद्धालुओं का प्राथमिक उपचार एवं दवा वितरण किया जा चुका है। इस शिविर में जहाँ 24 घण्टे मरीजों का निःशुल्क प्राथमिक उपचार एवं दवाएं दी जा रही हैं वहीं पूरें 26 दिनों तक सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक, दोपहर 12:30 से 2:00 बजे तक और शायं 3:30 बजे से 5 बजे तक केन्द्रीय प्रचारक संतो के पावन सानिध्य में आध्यात्मिक सत्संग का भी आयोजन किया गया है।

## बालिका की जान लेने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद, वन रेंज में लाकर की जा रही आवश्यक कार्रवाई

**बहराइच।** तीन दिन पूर्व बालिका को मार डालने वाला तेंदुआ शनिवार की सुबह वन विभाग की ओर से लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। उसे रेंज कार्यालय लाया गया है।

मोतीपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत उर्रा के मजरा तमोलिनपुरवा गांव निवासी शालिनी (8) पुत्री बैज नाथ परिवार के साथ खेत गई थी। तीन दिन पूर्व खेत में काम करते समय शाम 5:00 बजे तेंदुए ने हमला कर बालिका को मौत के घाट उतार दिया था। तेंदुए की हमले में बालिका की मौत के बाद ग्रामीणों द्वारा वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की गई। ग्रामीणों की मांग पर कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के ककरहा वन रेन्ज के वन कर्मियों ने घटनास्थल के निकट पिंजड़ा लगवाया।पिंजरा लगने के तीसरे दिन शनिवार सुबह बकरी के शिकार के लालच में तेंदुआ सुबह लगभग 7:20 बजे पिंजरे में कैद हो गया। वन कर्मी उसे रेंज कार्यालय लेकर आए हैं डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि स्वास्थ्य जांच और अधिकारियों के निर्देश के बाद तेंदुआ को जंगल में छोड़ने का फैसला लिया जाएगा।

## बुल्डोजर चलाकर खाली कराई गई श्मशानघाट की जमीन

**बहराइच।** नगर पंचायत मिहींपुरवा में स्थित श्मशान घाट की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था। इसकी शिकायत अधिवक्ता ने एसडीएम से की। नगर पंचायत और तहसील प्रशासन की टीम ने कब्जेदारों के निर्माण पर बुलडोजर की कार्रवाई करते हुए कब्जा हटवाया।

मोतीपुर थाना क्षेत्र नगर पंचायत मिहींपुरवा के वार्ड नंबर 15 श्मशान घाट की जमीन है। इस जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर निर्माण शुरू करवा दिया था। इसकी जानकारी होने पर तहसील के अधिवक्ता प्रदीप कुमार कश्यप ने चार जनवरी को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की थी।शिकायत का संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, वार्ड सभासद राजेश चौरसिया की मौजूदगी में अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाया गया बुलडोजर की कार्रवाई कर नगर पंचायत और तहसील प्रशासन ने कब्जा हटवा दिया है। कार्रवाई के दौरान शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार, अशोक कुमार लोधी, अनिरुद्ध सिंह, विवेक कुमार, प्रेम चंद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एमए समाजशास्त्र प्रथम तथा तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा कल

**बहराइच। किसान पी**जी कॉलेज में एमए समाज शास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 20 जनवरी 2025 को प्रातः नौ बजे से आयोजित की गई है।यह जानकारी विभाग प्रभारी तथा तृतीय सेमेस्टर के आंतरिक परीक्षक प्रोफेसर डॉ सूर्य भान रावत ने दी। उन्होंने बताया कि प्रथम सेमेस्टर के आंतरिक परीक्षक विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अनूप शर्मा हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित परीक्षार्थी निर्धारित तिथि व समय पर विभाग में पहुंचे। विलंब से आने वाले तथा अनुपस्थित परीक्षार्थी इससे उत्पन्न स्थिति के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## एमकाम तृतीय सेमेस्टर की मौखिकी व प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन की परीक्षा 22 जनवरी को

**बहराइच।** किसान पीजी कॉलेज में एमकाम द्वितीय वर्ष, तृतीय सेमेस्टर की मौखिकी/ प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन की परीक्षा दिनांक 22 जनवरी 2025 को विभाग में आयोजित की गई है। संबंधित परीक्षार्थी निर्धारित तिथि व समय अपराह्न 1:30 बजे विभाग में अनिवार्य रूप से उपस्थित हो। परीक्षा छूट जाने की स्थिति में संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित परीक्षार्थी की होगी ।

यह जानकारी परीक्षा के आंतरिक परीक्षक तथा वाणिज्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शैलेश कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि परीक्षा में प्रोजेक्ट फाइल, प्रवेश पत्र , द्वितीय सेमेस्टर के अंक पत्र की छाया प्रति एवं आधार कार्ड अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना होगा।

## युवक ने खुद को लगाई आग, गंभीर हालत में लखनऊ रेफर

**बहराइच।** जनपद के बिजौवा गांव निवासी एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डाल कर आग लगा ली। उसे गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिजौवा निवासी सरफुद्दीन (25) पुत्र बाबादीन ने शुक्रवार को खुद के ऊपर पेट्रोल डाल कर जिंदा जला दिया परिवार के लोगों ने झुलसे युवक को सीएचसी से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने बताया कि सरफुद्दीन सिद्दीकी को जमुना प्रसाद पुत्र रामधीर निवासी अरईखुर्द कोतवाली देहात और मनोज पुत्र मायाराम के विरुद्ध मौत के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है उन्होंने बताया कि जमुना प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बताया कि खुद के ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगाने वाले सरफुद्दीन सिद्दीकी के विरुद्ध गिरफ्तार अभियुक्त जमुना प्रसाद ने 18 अक्टूबर को केस दर्ज कराया था। कोतवाली देहात के अरई खुर्द गांव निवासी जमुना प्रसाद ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और हिन्दू धर्म के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया पर करने का केस दर्ज कराया था। इससे वह बहुत आहत था और खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली।

## आगाज-2025 फ्रेशर्स पार्टी में छात्रों ने मचाई धूम

**वाराणसीः- आशा** फामेर्सी कॉलेज में आयोजित फेशर्स पार्टी आगाज 2025 का आयोजन बहुत धूमधाम से हुआ` इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम,गेम एवम् जागरूकता से जुड़े नाट्य कार्यक्रम भी छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया` संस्था की तरफ से डा.एस के राय एवम् सुशांत नारायण सिंह ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरूआत की` बी.फार्म फर्स्ट ईयर से प्रतीक दुबे को मिस्टर फ्रेशर और साक्षी पांडेय को मिस फ्रेशर चुना गया` शौर्यम दुबे 8 और किरन यादव फ्रेशर रनर अप रहे रैंप वॉक में तरंग एवं ड्रामा में साहिल एंड ग्रुप और ग्रुप डांस में शौर्यम दुबे एंड ग्रुप विनर रहे`

उक्त अवसर पर संस्था की तरफ से डा.एस के राय (प्रिंसिपल) ,सुशांत नारायण सिंह (उपनिदेशक),साकेत यादव,विजय सिंह, मुकेश मिश्रा,आजाद,मीनू शुक्ला, साक्षी मिश्र,गीतांजलि मिश्रा,चंद्रावती आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे` बी.फार्म सेकंड ईयर से नेहा अंसारी,खुशी विश्वकर्मा,कुलदीप और रूद्र पाठक ने एंकरिंग की` इवेंट कॉर्डिनेटर राजन उपाध्याय एवं महजबी बानो ने कार्यक्रम का सफल निर्देशन किया ` इस अवसर पर सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे

## डायल 112 पर होक्स कॉल्स की भरमार, 36 घंटे में की पुलिस को 155 बार कॉल

**गाजियाबाद।** एक कॉलर ने 746 बार डॉयल 112 पर कॉल की। खुद को विपरीत परिस्थितियों में फंसा होने की सूचना दी गई। पीआरवी की जवाबी रिपोर्ट में सूचनाएं झूठी और काल्पनिक होने की बात कही गई। पता चला कि महिला तांत्रिक क्रियाओं पर विश्वास करती है। उसने भूत प्रेत के डर में 36 घंटे में की पुलिस को 155 बार कॉल की।

इससे पहले गौतमबुद्धनगर पुलिस को भी छका चुकी है। दादरी में रहने के दौरान युवक समीर नाम के युवक ने इस महिला को फोन और अपनी आईडी पर सिम दिया था।

ग्रामीण जोन स्थित निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव कुम्हैडा निवासी समीर ने नवंबर माह में डॉयल 112 को 746 बार कॉल किया। अधिकांश कॉल पर पुलिस पहुंची। महिला पांच अलग-अलग नाम बताकर डॉयल 112 पर कॉल करती है।

## शौच के लिए गई युवती के साथ छेड़खानी

### विरोध करने पर मारपीट व धमकी, शिकायत

सबसे तेज प्रयागराज

**कड़ा/ कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती घर से शौच के लिए गई थी , इस दौरान पड़ोस का एक युवक युवती के साथ छेड़खानी करने लगा, युवती के विरोध करने पर युवक व उसकी मां धमकी देते हुए मारपीट करने लगे । युवती की मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है ।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने रविवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी पुत्री सुबह घर से शौच के लिए निकली थी , इस दौरान रास्ते में पड़ोस का एक युवक उसकी पुत्री से छेड़खानी करने लगा । युवती के शोर मचाने पर आरोपी युवक अपनी मां के साथ मिलकर धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है ।

## ट्रक की चपेट मे आए बाइक सवार युवक के दोनों पैर क्षतिग्रस्त

सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी। सैनी** कोतवाली के सामने पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार का दोनों पैर चोटहिल हो गए जिसमें दाहिना पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना देख आसपास रहे लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोगों ने आननफानन एम्बुलेंस की मदद से घायल को मेडिकल कॉलेज भेजवाया। यहां से प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया।

मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बक्सवा थाना क्षेत्र के दरभंगा बाजना गांव निवासी रामशरन पुत्र हरिराम यादव किसी काम से प्रयागराज आए थे। इसके बाद रिश्तेदार की बाइक लेकर सैनी इलाके में कहीं जा रहे थे।

## दोपहर से सजी वृद्धा की चिता नहीं हो सका शाम तक अंतिम संस्कार

### रिश्तेदारी में रह रही वृद्धा की मौत पर शव को लेकर हंगामा

सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी। सैनी कोत**वाली क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में रह रही एक वृद्धा की बीमारी से मौत हो गई वृद्धा की मौत की खबर पर पहुंचे स्वजन शव ले जाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ ।शाम तक शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका है।

मंझनपुर के भेलखा गांव की रहने वाली स्व. राम सवारी पत्नी स्व शिव बचान सिंह अपने बहू लालती देवी की प्रताड़ना से तंग आकर पिछले 15 वर्ष से सैनी कोतवाली क्षेत्र के हिसामपुर माढो गांव के मजरा बनियन के पुरवा में दूर के रिश्तेदार मुन्ना के साथ रहती थी हिसामपुर माढो निवासी मुन्ना के अनुसार एक सप्ताह पहले महिला बीमार हो गई जिसका उपचार चल रहा था जिसकी बीती देर रात्रि मौत हो गई परिजनों को खबर कर अर्थी सजा दी गई और शव को अर्थी पर रख दिया गया ।दोपहर भेलखा निवासी स्वजन आए तो अंतिम संस्कार को लेकर हंगामा होने लगा जमकर तू तू मैं मैं हुई सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाते हुए अंतिम संस्कार को राजी करने में जुटे रहे किंतु भेलखा निवासी स्वजन धमकी देते हुए वापस घर चले गए कि अंतिम संस्कार किया तो अंजाम बुरा होगा दोपहर से शव चिता में रखा हुआ है खबर लिखे जाने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका है ।चचार्ओं पर जाएं तो स्व शिव बचान सिंह निवासी भेलखा ने दो शादियां की थी पहली पत्नी 50 वर्ष पहले अज्ञात कारणों से कहीं चली गई थी तभी स्व शिव बचान सिंह ने दूसरी शादी राम सवारी से की थी ।

## रूस, यूक्रेन से आई महिला सैलानियों ने महाकुम्भ व्यवस्था को सराहा

### पुलिस उप महानिरीक्षक को बोला धन्यवाद

हनुमान प्रसाद शुक्ल
सबसे तेज प्रयागराज
महाकुम्भनगर।





**महा** स्नान पर्व महत्वपूर्ण व पुण्यदाई हैं देश के कोने कोने से भारी संख्या में जनसमूह मां गंगा की गोद में कल्पवास व स्नान-ध्यान करने के लिए आते हैं। संपूर्ण मेला क्षेत्र में कल्पवासियों/श्रद्धालु स्नानार्थियो व विदेशी पर्यटको की सुरक्षा हेतु व्यापक पुलिस प्रबंध किए जाते हैं। संगम की धरती पर देश तो क्या विदेशों से भी सैलानी आते हैं और महाकुम्भ मेला की व्यापक व्यवस्था का लुफ्त उठाते हैं?। रविवार को पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण की मुलाकात रूस और यूक्रेन से आई महिला सैलानियों से हुई। विभिन्न देशों से आये हुये महिला सैलानियों के द्वारा द्विभाषिए भाषा के माध्यम से पुलिस उप महानिरीक्षक महाकुम्भ से संवाद किया गया। विदेशी महिला सैलानियों द्वारा बताया गया कि ऐसी व्यवस्थाएं केवल भारत में ही देखने को मिलती हैं जहां लोग अपनी आस्था से जुड़े हुए हैं। महिला सैलानियों के द्वारा पुलिस के व्यवहार एवं बंदोबस्त की सराहना की गई । सभी विदेशी महिला अतिथिगणो द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण को चाय के लिए धन्यवाद और नमस्ते बोला।

## बनारस बार के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

### मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति नलिन श्रीवास्तव ने कहा बनारस परिवार जैसा यहां आकर खुशी की अनुभूति



वाराणसीः- बनारस बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 18 जनवरी शनिवार को संपन्न हुआ` मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव ने बार के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण दिलाने के बाद अपने संबोधन में कहा कि आज के परिवेश में एक गीत की चार पंक्तियाँ चलती रहे जिंदगी तुम भी चलो हम भी चले,ना जमीं न असामा हम एक टीम के सदस्य हैं हमारी भावना साथ मे चलने की है प्रेम सबसे बड़ा उपहार है यहां पांच साल काम करने के बाद यहां की याद आई जिससे मैं बहुत प्रभावित हूँ` हड़ताल को लेकर अलग-अलग जिलों में समस्या है देखा कि जिलों में एक से बढ़कर एक अधिवक्ता है जिन्हें उच्च न्यायालय में जाना चाहिए जिला न्यायालय से वकील क्यों ना जाए इस पर विचार करना चाहिए` विशिष्ट अतिथि जिला जज संजीव पांडेय ने कहा कि मैं बधाई देता हूं और शुभकामनाएँ देता हूं जो बनारस आता है उसे यहां के लोग भूल नहीं सकते,हमारा उद्देश्य वाद कारी को न्याय दिलाना है हर जगह से हारकर यहा वो आता है मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथि को वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव ने वस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया` समारोह को संबोधित करने वालो में सौरभ कुमार श्रीवास्तव,राधेश्याम चौबे,दीनानाथ सिंह,अजय श्रीवास्तव,राम अवतार पांडेय,विजय शंकर श्रीवास्तव,सत्य नारायण द्विवेदी,सुरेश कुमार श्रीवास्तव, प्रेम शंकर पांडेय, राधेश्याम सिंह,अशोक सिंह प्रिंस,घनश्याम पटेल, विवेक शंकर तिवारी, मुरलीधर सिंह, अवधेश सिंह,सुरेन्द्र कुमार पांडेय,अश्विनी दुबे न्यायाधीश मोटर क्लेम,सेंट्रल बार अध्यक्ष मंगलेश दुबे, महामंत्री राजेश गुप्ता,सुरेन्द्र प्रताप सिंह प्रमुख रहे विधिक पत्रकारों में मेराज फारुकी, घनश्याम मिश्रा,बीरेन्द्र कुमार सिंह, मनोज तिवारी,अमरेंद्र तिवारी के साथ मुख्य अतिथि ने अपने पुराने अनुभव साझा किया` अध्यक्षता बनारस बार के अध्यक्ष सतीश तिवारी और संचालन महामंत्री शशांक श्रीवास्तव ने किया`

## रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया कि अल्पसंख्यक द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया



**लखनऊः लखनऊ डिग्री का**लेज हरदोई रोड लखनऊ मे कार्यकर्ता सम्मलेन मे मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता जी ने महानगर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की कार्यकरता सम्मलेन मे कार्यकर्ता को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया अध्यक्ष जी ने अपनी बातो मे कहा की हमारी पार्टी जिला पंचायत की तैयारी मे जुटी है आने वाले चुनाव प्रदेश के सभी जिला पंचायत मे चुनाव लड़ाई गी लखनऊ महा नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के इरशाद हुसैन को मनोनीत किया ओर लखनऊ की जिम्मेदारी दिया सभा मे उपस्थित लखनऊ डिग्री कालेज के प्रबंधक मोहम्मद रजी मोहम्मद गुफरान मोहम्मद कलाम साहिल अब्बास सजर अब्बास राजू अलीम अलोक दुबे सोकड़ो संख्या कार्यकर्त्ता

## हंडिया पुलिस द्वारा डीपी एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



सबसे तेज प्रयागराज

**हंडिया। रविवार को हं**डिया कोतवाली पुलिस चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर डीपी एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक हंडिया बृज किशोर गौतम ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर डीपी एक्ट के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त गुड्डू प्रजापति पुत्र राजाराम प्रजापति निवासी ग्राम खेरुआ नेवादा थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खेरुआ नेवादा के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

## बैट्री रिक्शा की टक्कर से रेलवे फाटक टूटा

### निंदूरा पक्ष्मी रेलवे फाटक पर हुआ हादसा

सबसे तेज प्रयागराज

**लालगोपालगंज प्रयागराज** । स्थानीय कस्बे के पक्ष्मी रेलवे फाटक पर एक बड़ा हादसा टल गया वंदे भारत ट्रेन आने के समय एक बैट्री रिक्शा जबरन निकलने की कोसिस से फाटक मे फस गया जिससे फाटक पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया सूचना पर पहुची जीआरपी ने रिक्शा और चालक को अपने कब्जे मे ले लिया । रविवार को समय करीब चार बजे वंदे भारत ट्रेन को निकलना था पक्ष्मी केबिन मैंन फाटक गिरा रहा था तभी एक बैट्री रिक्शा जबरन निकलने का प्रयास मे फाटक को रिक्शा से लपेटते हुये चला गया जिससे वहा पर अफरा तफरी मच गई सूचना पर पहुची रेलवे पुलिस ने घटना के जिम्मेदार रिक्शा चालक को रिक्शा समेत अपने हिरासत मे ले लिया घटना से जेठवारा मार्ग पर लंबा जाम लगा रहा । कुछ देर बाद वंदे भारत ट्रेन गुजरने के बाद विभागीय कर्मियों ने राहत की सास लिया ।

## 4 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, कब्जे से चोरी के रुपए व मोबाइल फोन अन्य सामान बरामद

राम सिंह यादव
सबसे तेज प्रयागराज




**हंडिया । चार दिन** पहले हंड़िया के ग्राम किरांव निवासी अर्पित सिंह की दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखे लगभग तीस हजार रुपए के सिगरेट व गुटखा, 01मोबाइल फोन व 10 हजार रुपए नगद चोरी कर लिया गया था, जिसके सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था ।

पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में थाना हण्डिया पुलिस ने 4 बाल अपचारी को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत जंघई रोड़ स्थित राजेश केसरवानी की केशव बगिया के पास से मुकदमा उपरोक्त में चोरी हुए 10000/- रुपए, 01 मोबाइल फोन व अन्य सामान (पान/गुटका व सिगरेट के पैकेट) के साथ पुलिस अभिरक्षा में लिया गया ।

**पुलिस टीम का विवरण**

प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम, थाना हण्डिया. उ0नि0 एस0 एम0 कासिम. उ0नि0 रिजवान असकरी, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## महाकुम्भ सेक्टर-19 में लगी आग, फायर सर्विस टीम ने पाया काबू





सबसे तेज प्रयागराज

**महाकुम्भ नगर।** सेक्टर 19 में आग लगने की सूचना मिली। चौकी प्रभारी पीपा पुल नंबर 12 पूर्वी द्वारा वायरलेस सेट के माध्यम से सूचना दी गई कि तुलसी मार्ग, रेलवे पुल के नीचे गीता प्रेस के शिविर में अचानक आग लगी है। तत्काल आस-पास की सभी फायर ब्रिगेड के वाहन करीब 3 मिनट में मौके पर पहुंचे और मात्र 10 मिनट के अंदर 35 और फायर ब्रिगेड के वाहन मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम के सहयोग से अल्प समय में बड़ी सूझ-बूझ के साथ तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में करीब 100 टेंटो में आग लगने की संभावना है। मौके पर जांच से ज्ञात हुआ कि आग लगने का कारण गैस सिलेंडर का फटना है, स्थिति सामान्य मिली। किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है और जिन टेंट में आग लगी, उसके संबंध में जानकारी की जा रही है।महाकुम्भ मेला पुलिस द्वारा आग की घटना पर तत्परता से रिस्पांस कर काबू पा लिया गया।

# प्रयागराज महाकुंभ में आस्था के साथ अर्थव्यवस्था का भी संगम



**लखनऊ/महाकुंभ नगर।** कारोबार और रोजगार एक-दूसरे के पूरक हैं। अगर कारोबार होगा तो रोजी-रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इनमें से कुछ रोजगार स्थायी होंगे और कुछ अस्थायी। इससे संबंधित लोगों का जीवन पहले से खुशहाल हो जाएगा। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ भी इसका अपवाद नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद कह चुके हैं कि पौष पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक करीब डेढ़ महीने के इस आयोजन में लगभग 40 करोड़ श्रद्धालु, पर्यटक आएंगे। अगर औसतन एक पर्यटक अपनी बुनियादी जरूरतों पर लगभग 5,000 रुपए खर्च करे तो इस दौरान करीब दो लाख करोड़ रुपए का कारोबार होगा।

एक्सपर्ट्स के अनुसार करीब डेढ़ महीने का यह कारोबार संबंधित लोगों के लिए आठ महीने के कारोबार के बराबर होगा। इसका बड़ा हिस्सा करीब (25 हजार करोड़ रुपए) टैक्स के रूप में सरकार को मिलेगा। साथ ही देश की जीडीपी में भी इसका .03 फीसद का योगदान होगा। प्रयाग महाकुंभ के दौरान कारोबार के साथ रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे। इस बाबत विभिन्न एजेंसियों के रुझान भी आने लगे हैं।

स्टैफिंग रिक्रूटमेंट सर्विसेज और फर्स्ट मेरिडियन ग्लोबल के मुताबिक महाकुंभ के दौरान 6 लाख से लेकर 10 लाख अस्थायी रोजगार सृजित होंगे। इसमें महाकुंभ की बसाहट और इन्फ्रास्ट्रक्चर संबंधी अन्य काम, लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्टेशन, डेटा एनालिस्ट, डिजिटल सुरक्षा, ब्रांडिंग, मार्केटिंग के लिए बैनर, पोस्टर और फ्लेक्स, सोशल इन्फ्लूएंसर, हॉस्पिटैलिटी, इवेंट्स मैनेजमेंट आदि के क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर प्रसाद बेचने वालों, नाई, पुरोहित, सिंदूर, बिंदी, चूड़ी, और टिकुली आदि बेचने वाले सबके हिस्से में कुछ न कुछ आना है। यकीनन यह औसत दिनों से कई गुना होगा। यही स्थिति कमोबेश स्थायी दुकानदारों की भी होगी। कारोबार और रोजगार का यह क्रम विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन प्रयागराज के महाकुंभ तक ही सीमित नहीं है। अगर काशी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर बनने के बाद वहां 2023 में करीब 10 लाख पर्यटक आए तो यकीनन उन्होंने काशी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया होगा।

यही स्थिति अयोध्या की भी है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां पर्यटकों और श्रद्धालुओं के आने का सारा रिकॉर्ड टूट गया। यह मौजूदा समय में हर रोज आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से देश के प्रमुख धर्म स्थलों में नंबर एक पर है। जिस अयोध्या में 2016 से पहले हर साल औसतन 2.83 लाख पर्यटकों और श्रद्धालुओं का आगमन होता था। अब वहां रोज लगभग एक से डेढ़ लाख लोग आ रहे हैं। सितंबर 2024 तक अयोध्या में करीब 13.50 करोड़ पर्यटक एवं श्रद्धालु आ चुके थे। अनुमान है कि साल के अंत तक यह संख्या 16 करोड़ के आसपास रही होगी। अयोध्या के कारोबारी खुद कहते हैं कि अब हम महीने में हजार की जगह लाख कमा ले रहे हैं। किसी खास अवसर पर होटल पहले से बुक हो जाते हैं। ऑक्यूपेंसी बढ़ने के साथ कुछ नए होटल भी खुले हैं। कुछ ने खुद को रिनोवेट कराया है, कुछ ने विस्तार कर अपनी ऑक्यूपेंसी भी बढ़ाई है। ताज सहित कई नामचीन ब्रांड वहां होटल बनाने जा रहे हैं। कई और पाइपलाइन में हैं। कारोबार और रोजगार के हिसाब से हर धार्मिक स्थल की यही स्थिति है। यही नहीं एक जगह की प्रगति का लाभ दूसरी जगह को भी मिल रहा है।

महाकुंभ इसका उदाहरण है। प्रयाग में दूरदराज से संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के बाद इनमें से कइयों का गंतव्य काशी, अयोध्या के साथ कुछ हद तक विंध्याचल भी है। इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। महाकुंभ के दौरान यहां बढ़ने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या इसका प्रमाण है। इन जगहों पर जाने वालों की सुविधा और सुरक्षा का योगी सरकार का पूरा ध्यान है।

## कन्नौज: रेप के आरोप में सपा नेता नवाब सिंह को पास्को कोर्ट ने दी जमानत

**कन्नौज**

**सपा** नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव को पाक्सो कोर्ट से रेप मामले में जमानत मिल गई। बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने उन्हें सशर्त जमानत दी है हालांकि अभी उन्हें गैंगस्टर मामले में जमानत करानी होगी, जिसके बाद ही जेल से रिहाई हो सकेगी। सपा नेता की ओर से उनके अधिवक्ता अशोक कुमार जैन, आशुतोष कुमार मिश्रा और शिव कुमार यादव ने जमानत याचिका दाखिल की थी। जिसमें उन्होंने नवाब सिंह यादव पर लगाए गए केस को गलत और राजनीति से प्रेरित बताया। बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने दावा किया कि नवाब सिंह यादव ग्रेजुएशन की पढ़ाई के समय छात्रसंघ अध्यक्ष रहे चुके हैं। वकीलों ने कहा, साल 2006 से 2011 तक सदर ब्लाक प्रमुख के पद पर रहे। वर्तमान समय मे वह एक डिग्री कॉलेज के प्रबन्धक हैं और उनके कॉलेज में 1200 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। ऐसे में उनकी राजनीतिक हत्या और छवि धूमिल करने के लिए राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के कारण गलत और असत्य आरोप लगाकर केस दर्ज किया गया। नवाब सिंह के वकीलों की दलीलों को सुनने और साक्ष्यों पर गौर करने के बाद पाक्सो एक्ट कोर्ट की जज अलका यादव ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी।

**इन पॉइंट्स पर मिली जमानत**

नवाब सिंह यादव मामले में नाबालिग पीड़िता के धारा 180 बीएनएस और धारा 183 बीएनएस के तहत दिए गए बयान विरोधाभासी हैं। बचाव पक्ष के वकील ने बताया कि कोर्ट में सवाल पूछे जाने पर पीड़िता ने बताया कि उसने पुलिस के दबाव में पहले वाला बयान दिया था। जिसका शपथ पत्र भी उसने कोर्ट में दाखिल किया।

नवाब सिंह के वकील की ओर से पेनड्राइव में एक वीडियो साक्ष्य के तौर पर कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। जिसमें दावा किया गया कि पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाते वक्त वर्दी में सीओ सिटी और कुछ पुलिस कर्मी नजर आ रहे। जिसमें पीड़िता को धमकाते हुए सीओ दिख रहे हैं, जोकि पाक्सो एक्ट की खुलेआम अवहेलना है।

डीएनए परीक्षण के लिए नवाब सिंह के जिस अंडरगारमेंट को पुलिस ने बरामद किया, उस पर नवाब सिंह के हस्ताक्षर नहीं है। इसलिए डीएनए रिपोर्ट संदिग्ध होने का दावा किया गया। यही वो पॉइंट्स हैं, जिनकी बजह से नवाब सिंह यादव को कोर्ट से राहत मिल गई।

**6 महीने से जेल में हैं नवाब सिंह**

नाबालिग से रेप के आरोप में सपा नेता नवाब सिंह यादव 6 महीने से कन्नौज की जिला जेल में हैं। 11 अगस्त की रात पुलिस ने उन्हें चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय से अरेस्ट किया था। जिसके अगले दिन कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था।

इस मामले में सह आरोपी व पीड़िता की बुआ 21 अगस्त से जिला जेल में है। जिनकी जमानत हाईकोर्ट से स्वीकृत हुई है जबकि साक्ष्य मिटाने के प्रयास और गैंगस्टर एक्ट में नवाब सिंह का भाई नीलू यादव भी जिला जेल में हैं। गैंगस्टर मामले में उन्हें जमानत करानी हैं।

## नगर निगम के सफाई कर्मचारी अब दिखेंगे वर्दी में

**गाजियाबाद।** पुलिस बल, सेना एवं सुरक्षा बल की तरह ही नगर निगम के यह सफाई कर्मी भी अब आपको वर्दी में लैस मिलेंगे । यह कोई किस कहानी की बात नहीं है बल्कि यह हकीकत में गाजियाबाद नगर निगम में निकट भविष्य में होने जा रहा है। नगर निगम की इस पहल से अब यहां के सफाई कर्मचारियों को एक नई पहचान मिलने जा रही है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में गाजियाबाद नगर निगम में लगभग 4000 सफाई कर्मचारी कार्यरत है। इन सभी सफाई कर्मचारियों को अब नगर निगम की ओर से वर्दी मुहैया करवाई जाएगी।




वर्दी मिलने के उपरांत निगम के सफाई कर्मचारी वर्दी पहन कर ही ड्यूटी पर जा पाएंगे । बताते चले कि नगर निगम के वसुंधरा विजयनगर मोहन नगर कवि नगर एवं सिटी जोन में सफाई कर्मचारियों नई वर्दी तैयार करवाने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सफाई कर्मियों के लिए पैंट शर्ट जूते और जैकेट दिए जायेंगे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के अनुसार इस योजना को कारवांवित करने के लिए कोटेशन आमंत्रित किए गए हैं जबकि पेंट और शर्ट के लिए कपड़े पसंद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह फैसला सफाई कर्मचारियों तथा उनके प्रतिनिधियों से बातचीत के बाद लिया गया है। सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध की जाने वाली शर्ट का रंग क्रीम कलर का होगा जिसमें नगर निगम का लोगो गोल्डन कलर में अंकित होगा। इसके अलावा जैकेट में भी नगर निगम का लोगो रहेगा।

## दिल्ली में कर्ज नहीं चुकाने पर मकान मालिक ने किरायेदार के सिर में मार दी गोली

**नई दिल्ली। राजधानी** दिल्ली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कर्ज नहीं चुकाने पर एक मकान मालिक ने अपने ही किरायेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। उसके बाद निर्दयी ने लाश को तालाब में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी मकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 17 जनवरी को अलीपुर इलाके में एक तालाब में शव मिला था। जिसकी पहचान (29 वर्षीय) राकेश के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि पीड़ित के सिर पर गोली लगने का घाव था और पास की एक इमारत की छत पर खून के धब्बे पाए गए थे। खून को



आंशिक रूप से साफ किया गया था। साथ ही एक खाली गोली भी मिली थी। जांच से पता चला कि राकेश को छत पर गोली मारी गई, और उसके शव को तालाब में फेंक दिया गया। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच के लिए तुरंत एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। पीड़ित की मां भगवती देवी ने पुलिस को बताया कि राकेश उस दिन उनके मकान मालिक के बेटे गोविंद बल्लभ के साथ गया था। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने उनके बीच चल रहे संपत्ति और पैसे को लेकर विवादों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि जिस इमारत में यह घटना हुई,उसके मालिक गोविंद को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान गोविंद ने कबूल किया कि यह अपराध पैसे के विवाद के कारण हुआ। पुलिस ने कहा कि राकेश ने कथित तौर पर गोविंद से 5 लाख रुपए और एक मर्सिडीज कार कर्ज पर पर ली थी। लेकिन वह पैसे चुकाने में विफल रहा, जिसके कारण विवाद हुआ और अंततः राकेश की हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित का मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। वहीं पुलिस अभी हथियार का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## "सेव मदर अर्थ मिशन" टीम की सफलता का मना जश्न




**नई दिल्ली/गाजियाबाद।** भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ (आईपीसीए) और डाबर इंडिया लिमिटेड ने संयुक्त रूप से "सेव मदर अर्थ मिशन" टीम की सफलता का जश्न मनाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम टेरी (वसंत कुंज, दिल्ली) में आयोजित किया गया था और इसमें विभिन्न संगठनों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया.

**कार्यक्रम के मुख्य बिंदु**

1. 2 लाख किलोग्राम प्लास्टिक कचरा संग्रहण और रिसाइक्लिंग की उपलब्धि पर सम्मान समारोह।
2. आईपीसीए के संस्थापक निदेशक, श्री आशीष जैन द्वारा संबोधन।
3. "सेव मदर अर्थ मिशन" के सह-संस्थापक द्वारा प्रस्तुति।
4. दो पैनल चचाएँ, जिनमें डाबर और टेरी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।
5. समाजों को डाबर और आईपीसीए प्रबंधन द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान करना।"हमें इस उपलब्धि पर गर्व है और हमें उम्मीद है कि यह हमें और अधिक प्लास्टिक कचरा संग्रहण और रिसाइक्लिंग के लिए प्रेरित करेगा," आईपीसीए के संस्थापक निदेशक, श्री आशीष जैन ने कहा।

"हमें लगता है कि प्लास्टिक कचरा प्रबंधन एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और हमें इसके लिए एक साथ काम करना चाहिए," डाबर इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि ने कहा । आईपीसीए और डाबर इंडिया लिमिटेड दोनों ही प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले संगठन हैं। वे स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने और प्लास्टिक कचरा संग्रहण और रिसाइक्लिंग को बढ़ावा देने के लिए काम करते हैं।

## स्वामित्व के तहत प्रॉपर्टी कार्ड वितरण, किसानों के चेहरों पर खुशी

**गौतम बुद्ध नगर।**

**भारत** सरकार की स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा देशभर में तैयार किए गए प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनियों) का वितरण वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में लाभार्थियों से संवाद किया गया और उत्तर प्रदेश के चयनित किसानों को भौतिक रूप से घरौनी कार्ड वितरित किए गए। कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद डॉ. महेश शर्मा की अध्यक्षता में लाभार्थियों को कार्ड सौंपे गए। इस दौरान सांसद ने स्वच्छता और जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

स्वामित्व योजना के तहत गौतम बुद्ध नगर में कुल 20,344 घरौनियों का वितरण किया जा




चुका है। सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि इस योजना से भूमि विवादों का निस्तारण, बैंक से लोन प्राप्त करना और पंचायत विकास की योजनाओं में सुधार होगा। कार्यक्रम में जिले के कई अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही।

## निवेश के नाम पर 4.75 करोड़ की ठगी के आरोप में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी समेत 4 पर मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद। मैसर्स** इंफोटेक सिसका के मैनेजर अनुज मित्तल निवासी कविनगर ने रियल एस्टेट के नामचीन कारोबारी राजीव अरोड़ा, सपा के टिकट पर 2014 में लोकसभा का चुनाव लड़ चुके सुधन रावत सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उनकी कंपनी की मालिक सरिता को निवेश का झांसा देकर 4.75 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई है।

रुपये वापस मांगने पर फिरौती मांगी और जान से मारने की धमकी दी। कविनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मैसर्स इंफोटेक सिसका की केएमजी मार्केट सूरजपुर नोएडा में कंपनी है और शाखा कार्यालय केसी-50 कविनगर में है। शाखा मैनेजर अनुज कुमार मित्तल ने बताया कि एमआर प्रो व्यू रियलटेक के प्रोजेक्ट ग्रेट नार्दन बाजार जीएनबी मॉल राजनगर एक्सटेंशन व शालीमार सिटी और शालीमार गार्डन में हैं।

एफआईआर में आरोप है कि कंपनी के डायरेक्टर राजीव कुमार अरोड़ा एवं सुधन रावत निवासी सेक्टर-9 राजनगर कविनगर को वह पहले से जानते हैं। इन्होंने कंपनी की मालिक सरिता को रियल एस्टेट में निवेश करने का झांसा दिया। कंपनी के चेक से आरोपियों को जून 2023 में चार करोड़ 75 लाख रुपये का भुगतान किया गया। आरोपियों ने अक्बतूर 2023 तक मुनाफे के साथ समस्त धनराशि देने का आश्वासन दिया था। यह भी आरोप है कि भुगतान न मिलने पर तकादा किया तो राजीव अरोड़ा उनके सहयोगियों कुमार मित्तल के तानकर धमकी दी

**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारूकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

## क्रिकेट में बेटियों का उत्साह आर्श्चयजनक : सुरेश

**भिवानी।** आदर्श महिला महाविद्यालय में अंतर कक्षा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष व प्रमुख समाजसेवी डॉ. सुरेश गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पहुंचे। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि क्रिकेट का प्रचलन भारत में आजादी से



पहले से है। पहले इसे पुरुष प्रधान खेल माना जाता था लेकिन आज महिलाएं इस क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही हैं। यह देखकर गर्व होता है कि भारत की बेटियां भी क्रिकेट जैसे खेलों में अपनी जगह बना रही हैं। विशिष्ट अतिथि अशोक बुवानीवाला ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं बल्कि यह मानसिक शांति और आत्मबल बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम भी हैं। खेलों से अनुशासन, समर्पण और टीम वर्क जैसे गुण सीखे जा सकते हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलका मित्तल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं को शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में शारीरिक शिक्षा विभाग की भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग की कोऑर्डिनेटर डॉ. रेनू के मार्गदर्शन में किया गया।

## देव काली की स्थापना यज्ञ को लेकर एक बैठक आयोजित



**देव, औरंगाबाद।** देव काली की स्थापना यज्ञ को लेकर एक बैठक देव रानी तालाब स्थित काली मन्दिर में की गई। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय समाज सेवी, भाजपा नेता आलोक सिंह ने की। बैठक में माँ काली एवं कार्तिकेय भगवान की मूर्ति स्थापना के साथ यज्ञ संबंधित बातों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया की जल्द ही विद्वान ब्राह्मणों से मिलकर स्थापना सह यज्ञ के लिए विचार विमर्श कर शुभ मुहूर्त निकालकर सर्वसम्मती से आगे बढ़ा जायगा। बैठक का संचालन डा. संतोष भारती ने की। बैठक में उपस्थित लोगों ने स्थापना गुड्डू सिंह, बालेश्वर यादव, दिनेश, पाठक,सुबास पाठक, ओम प्रकाश कुमार,दीपक कुमार सहित कई लोग उपस्थित थें।

## भारत नगर में प्रेमी ने अपनी प्रेमिका का गला घोंटकर कर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में गोलीबारी व चाकू बाजी के अलावा गला घोंटकर मारने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बता दें कि ऐसा ही एक मामला उत्तर पश्चिमी जिले के थाना भारत नगर इलाके का सामने आया है। आपको बता दें कि शाकिर नामक युवक ने अपनी ही प्रेमिका सानिया की गला घोंटकर हत्या कर दी। हैरानी की बात यह है कि आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के बाद उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए सानिया के शव को फंदे पर लटका दिया।

मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। शव पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो मामला संदिग्ध लगा। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर एक संदिग्ध की पहचान की। पुलिस ने संदिग्ध से सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गया। उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उत्तर पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने कहा कि शाकिर ने बताया कि उसका मृतका से पिछले पांच साल से संबंध था। वह प्रेमिका से बहुत नाराज था क्योंकि वह पिछले तीन महीनों से उसे धोखा दे रही थी। इसलिए उसने उसकी हत्या की योजना बनाई, और उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की।पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात भारत नगर थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला ने फाँसी का फंदा लगा लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि एक कमरे में युवती जमीन पर पड़ी हुई है। वहीं एक चुन्नी पंखे पर लटकी हुई है। घटनास्थल की जांच करने पर पुलिस को शक हुआ।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी